इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम–मिनी रत्न कोटि–1)
कॉरपोरेट कार्यालय : 9वीं मंज़िल बैंक ऑफ बड़ौदा बिल्डिंग,
16, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110 001.
फोन : 011–23311263–64 (ईपीबीएक्स), फैक्स : 011–23311259

वार्षिक रिपोर्ट 2010–2011

इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम–मिनी रत्न कोटि–1)

विषय–सूची

प्रलेख	पृष्ठ सं
अध्यक्ष का संबोधन	1-3
निदेशकों की रिपोर्ट	4-19
निदेशकों की रिपोर्ट के अनुबंध	
1. अनुबंध– I : प्रबंधन परिचर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट	20-26
2. अनुबंध – II : ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्यागिकी समाहरण, विदेशी मुद्रा में आय एवं व्यय आदि।	27-28
3. अनुबंध – III : समवेत अभिशासन रिपोर्ट	29-36
4. अनुबंध– IV : समवेत अभिशासन के अनुपालन का प्रमाणपत्र	37
लेखा–परीक्षक की रिपोर्ट और लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के अनुबंध	38-42
31 मार्च, 2011 की स्थिति के अनुसार तुलन–पत्र	43
31 मार्च, 2011 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ एवं हानि लेखा	44
31 मार्च, 2011 को समाप्त वर्ष के लिए नकदी प्रवाह (कैश फ्लो) विवरण	45
तुलन–पत्र और लाभ एवं हानि लेखा के लिए संलग्न अनुसूचियाँ	46-53
लेखाकरण संबंधी प्रमुख नीतियाँ	54-78
तुलन–पत्र सार एवं कॉरपोरेशन के सामान्य कारोबार की रूपरेखा	79
भारत के नियंत्रक एवं महालेखा–परीक्षक की टिप्पणियाँ	80-81
दस वर्ष की वित्तीय उपलब्धियां	82

निदेशक मंडल

अध्यक्ष

श्री विनय मित्तल,
अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड एवं सदस्य यातायात

प्रबंध निदेशक

श्री राकेश कुमार टंडन,

कार्यरत निदेशक

डॉ. नलिन सिंघल,
निदेशक (पर्यटन व विपणन)

श्री विनोद अस्थाना,
निदेशक (खानपान सेवाएं)

श्री विश्व रंजन गुप्त
निदेशक (वित्त)

सरकारी निदेशक

श्रीमती मनी आनंद
कार्यपालक निदेशक(टी.एंड सी.)
रेलवे बोर्ड
रेल मंत्रालय

स्वतंत्र निदेशक

श्री आर. एन. भारद्वाज
श्री आर. के. अग्रवाल

लेखा–परीक्षा समिति

अध्यक्ष

श्री आर.एन.भारद्वाज,

सदस्य

श्री विनोद अस्थाना,
श्री आर. के. अग्रवाल

बैंकर्स :

1. एचडीएफसी बैंक लिमिटेड
2. आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
3. बैंक ऑफ बड़ौदा
4. पंजाब नेशनल बैंक
5. स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया एवं इसके सहायक बैंक
6. कॉरपोरेशन बैंक
7. ऑरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स
8. सिंडीकेट बैंक
9. केनरा बैंक
10. बैंक ऑफ इंडिया
11. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
12. आंध्र बैंक
13. इण्डियन बैंक
14. आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
15. सिटी बैंक
16. एक्सिस बैंक लिमिटेड
17. स्टेंडर्ड चार्टर्ड बैंक
18. यस बैंक
19. यूको बैंक
20. विजया बैंक
21. फेडरल बैंक
22. कर्नाटका बैंक लिमिटेड
23. इन्ड्सइन्ड बैंक लिमिटेड

पंजीकृत एवं कॉरपोरेट कार्यालय

9वीं मंजिल, बैंक ऑफ बड़ौदा बिल्डिंग,
16 संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001

कॉरपोरेट कार्यालय का भाग

दूसरी व पांचवीं मंजिल, एसटीसी बिल्डिंग, जवाहर व्यापार भवन, 1, टॉल्स्टाय मार्ग, नई दिल्ली–110001

इंटरनेट टिकटिंग कार्यालय :

नया परिचालन केन्द्र, उत्तर रेलवे आरक्षण कार्यालय,
आईआरसीए कॉम्प्लैक्स, चेम्सफोर्ड रोड, नई दिल्ली–110055.

रेलनीर संयंत्र, नांगलोई :

उत्तर रेलवे का वायरलेस स्टेशन एरिया, नांगलोई बस डिपो के सामने, रोहतक रोड, नांगलोई, दिल्ली–110041.

कंपनी सचिव :

श्री नीरज कुमार अग्रवाल

सांविधिक लेखा–परीक्षक :
मैसर्स भूषण बंसल जैन एसोसिएट्स चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, नई दिल्ली

रेलनीर संयंत्र, दानापुर :
लोको कॉलोनी, आर.पी.एफ. बैरक्स के दक्षिण में, खगौल,
(दानापुर)–801105 (बिहार)

रेलनीर संयंत्र, पलूर
पलूर रेलवे स्टेशन तालुक चेंगलपट्टू
जिला कांचीपुरम
तमिलनाडु –603101

जोनल कार्यालय

उत्तर जोन :
जिंजर रेलयात्री निवास,
भू–तल, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन,
अजमेरी गेट साइड,
नई दिल्ली–110001

पूर्व जोन I एवं II :
पुरानी कोयलाघाट बिल्डिंग,
3, कोयलाघाट स्ट्रीट,
कोलकाता–700 001

पश्चिम जोन :
दूसरी मंजिल, नई प्रशासनिक बिल्डिंग, सेन्ट्रल रेलवे,
छत्रपति शिवाजी टर्मिनल,
मुम्बई–400 001

दक्षिण जोन :
6ए, द रेन ट्री प्लेस,
9 मैक निकोलस रोड, चेटपेट,
चेन्नै–600 031

दक्षिण–मध्य जोन :
दूसरी मंजिल, एम श्री क्लासिक कॉम्प्लैक्स,
सरोजिनी देवी रोड, सिकंदराबाद–500 003

इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड

12वीं वार्षिक सामान्य बैठक

अध्यक्ष का संबोधन

प्रिय शेयरधारकगण,

कॉरपोरेशन की बारहवीं सामान्य बैठक में आप सभी का हार्दिक स्वागत करते हुए मुझे अत्यधिक प्रसन्नता हो रही है।

हम यहां 31 मार्च, 2011 को समाप्त तुलन पत्र उक्त तारीख को समाप्त वर्ष के लाभ हानि लेखा और निदेशक मंडल की रिपोर्ट और उस पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट को प्राप्त करने, उस पर विचार करने और उसे अपनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। ये प्रलेख पहले से ही आपके पास हैं, और मैं यह मान लेता हूँ कि आप ने इन्हें पढ़ लिया होगा।

अब मैं वर्ष 2010–11 के दौरान कार्पोरेशन के निष्पादन की प्रमुख विशेषताओं का संक्षेप में उल्लेख करना चाहूंगा।

वित्तीय निष्पादन

- जबकि वित्त वर्ष 2011 के दौरान कर पूर्व लाभ वित्त वर्ष 2010 में 94.76 करोड़ रू. की तुलना में 129. 79 करोड़ रू. था, वित्त वर्ष 2011 में शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2010 के 63.05 करोड़ रूपए की तुलना में घटकर 60.79 करोड़ रूपए हो गया, ऐसा आयकर के लिए उच्चतर व्यवस्था करने के कारण हुआ।

- जबकि विभागीय खानपान से प्राप्त राजस्व 2010–2011 के दौरान पिछले वित्त वर्ष की तुलना में बढ़कर 198.98 करोड़ रूपए अर्थात् इसमें 50 करोड़ रूपए की वृद्धि हुई वहीं हानि भी 2010–11 में 74.74 करोड़ से घटकर 55.47 करोड़ रुपए हो गई। हालांकि यह उत्साहवर्धक है, तथापि हमें घाटे में और कमी लानी है।

वित्तीय निष्पादन के कुछ अन्य उल्लेखनीय संकेतक इस प्रकार हैं:–

- कॉरपोरेशन का शुद्ध मूल्य 211.41 करोड़ रूपए हो गया है।

- खानपान व्यवसाय रेलवे के पास चले जाने के बाद भारतीय रेल को आईआरसीटीसी द्वारा दिए जाने वाला राजस्व अंशदान घट गया है लेकिन आरक्षित टिकटों की बुकिंग बढकर पिछले वर्ष के 6011 करोड़ रूपए के स्थान पर 8007 करोड़ रूपए हो गई जो कि काफी उत्साहजनक है।

- 31 माार्च, 2011 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए कॉर्पोरेशन के लेखों की नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा लेखा परीक्षा की गई है और पूरक लेखा परीक्षा में किसी प्रकार की प्रतिकूल टिप्पणी नहीं मिली।

लाभांश

निदेशक मंडल ने वर्ष 2010–11 के लिए अंतिम लाभांश के रूप में 14.13 करोड़ रूपए (1.97 करोड़ रूपए लाभांश कर सहित) के भुगतान की सिफारिश की है। यह कार्पोरेशन की प्रदत्त शेयर पूंजी का 70.65 प्रतिशत बनता है।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 619(4) के अंतर्गत 31 मार्च, 2011 को समाप्त वर्ष के लेखापरीक्षित लेखों की पूरक लेखा परीक्षा की और उस पर अपनी शून्य टिप्पणी दी है।

परिचालन निष्पादन

खानपान एवं आतिथ्य सत्कार

नए नीतिगत निदेशों के अंतर्गत कार्पोशन का मोबाइल खानपान व्यवसाय मार्च 2010 के अंत में 285 गाड़ियों से घटकर मार्च 2011 के अंत में 33 गाड़ियां ही रह गया है।

फूड प्लाजाओं से भिन्न लाइसेन्सी स्थैतिक इकाइयां, थोडी सी शेष बची इकाइयों को छोड़कर, रेलवे को अंतरित हो गई हैं।

वर्ष के दौरान 7 और फूड प्लाजा/फास्ट फूड इकाइयां खुल गई हैं और अब इनकी संख्या बढ़कर 85 हो गई है।

कॉर्पोरेशन ने अन्य संस्थानों में अब तक 24 इकाइयां खोल दी हैं। अपने कारोबार में विविधता लाने की दिशा में कार्पोरेशन ने किओस्क और फूड प्लाजाओं को खोलने के लिए डीएमआरसी, बीपीसीएल, और एचपीसीएल के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं।

रेलनीर :

वर्ष के दौरान नांगलोई और दानापुर में रेलनीर का उत्पादन क्रमशः 3.28 करोड़ बोतल और 3.12 करोड़ बोतल रहा है। जबकि प्रत्येक प्लांट की स्थापित क्षमता 3.34 करोड़ बोतलें हैं।

यात्रा एवं पर्यटन

कार्पोरेशन के पर्यटन पोर्टल www.railtourismindia.com पर अक्सर लोग हिट करते हैं और पर्यटकों के विभिन्न समूहों की यात्रा और पर्यटन संबंधी विभिन्न सेवाएं और जानकारियां प्राप्त करते हैं।

इंटरनेट टिकटिंग

मार्च 2011, के दौरान कार्पोरेशन की वेबसाइट के जरिए बेची गई औसत दैनिक टिकटों की संख्या 2,79,113 थी जो कि पिछले वित्त वर्ष की तुलना में बढ़ोत्तरी का सूचक है। कार्पोरेशन रेल की पूछताछ सेवा का जिसे रेल संपर्क 139 के नाम से जाना जाता है, पीपीपी आधार पर प्रबंधन करता है।

भावी प्रगति की रणनीति

कार्पोरेशन को आतिथ्य सत्कार, पर्यटन, ई–कॉमर्स और बोतलबंद पेयजल के क्षेत्र में अपनी व्यापक क्षमताओं के दोहन का पूर्ण विश्वास है और यह अपने इस नए अवतार में उत्कृष्टता लाने के लिए अपने आपको चाक चौबंद कर रहा है।

खानपान एवं आतिथ्य सत्कार

यह कार्पोरेशन शीघ्र ही नोयडा में लगभग 25000 थाली प्रतिदिन की उत्पादन क्षमता वाला एक अधुनातन सेन्ट्रल किचन (फूड फैक्टरी) खोल रहा है। कार्पोरेशन की, आगे और विविधता लाने के उद्देश्य से संबद्ध क्षेत्रों जैसे – फूड फैक्टरी, फेसिलिटी प्रबंधन, फूड पार्क, बजट होटल, मोटल, आतिथ्य सत्कार केन्द्र आदि खोलने की योजना है। इसके लिए वह अपनी मौजूदा क्षमताओं का अधिकतम उपयोग करेगा। कार्पोरेशन मॉल्स, व्यापार केन्द्रों, संस्थागत खानपान आदि के क्षेत्र में संभावनाओं का पता लगा रहा है।

रेलनीर

बोतलबंद पेयजल की एक और इकाई अम्बर नाथ (मुंबई) में खोली जा रही है। जिसकी 2 लाख बोतल प्रतिदिन की उत्पादन क्षमता होगी। इसके वित्त वर्ष 12–13 तक बन कर तैयार हो जाने की संभावना है।

बजट होटल

कार्पोरेशन का लक्ष्य स्टेशनों के समीप ही किफायती दामों पर मानक साफ–सफाई वाले स्थान मुहैया कराने के लिए पीपीपी आधार पर सभी प्रमुख स्टेशनों पर बजट होटलों की स्थापना करने का है।

पर्यटन

कार्पोरेशन की आगामी वर्षो में मौजूदा व्यवसायगत आधार का विस्तार करके और कार्पोरेट यात्रा तथा देश में आने वाले यात्रियों के लिए नए आधार का विकास करके पर्यटन व्यवसाय में और अधिक विस्तार करने की योजना है।

ई –कामर्स

कार्पोरेशन को आशा है कि वह यात्रियों को ई–टिकटिंग की सुविधा प्रदान करता रहेगा और इस क्षेत्र में आगे और प्रगति करेगा और उसका लक्ष्य है कि सभी आरक्षित टिकटों का 80 प्रतिशत आरक्षण कार्य इसके द्वारा किया जाए। हाल ही में आई ए टी ए से मान्यता मिलने के बाद कार्पोरेशन की योजना है कि हवाई यात्रा की टिकटों के व्यवसाय में भी प्रवेश किया जाए।

कार्यनिष्पादन की समीक्षा

भारत सरकार में रेल मंत्रालय के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अनुसार वित्त वर्ष 2010 में कार्पोरेशन के कार्यनिष्पादन को ''उत्कृष्ट'' की कोटि में रखा गया है। इस रूख को भविष्य में भी बनाए रखना होगा। विभिन्न क्षेत्रों में कार्पोरेशन के उत्कृष्ट कार्य निष्पादन को देखते हुए वर्ष के दौरान कार्पोरेशन को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

राजभाषा

कार्पोरेशन ने भारत सरकार की नीति के अुनरूप राजभाषा कार्यान्वयन पर बल देना जारी रखा है। निगम में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। ई–टिकटिंग साइट द्विभाषी है।

कार्पोरेट सामाजिक दायित्व

कार्पोरेट सामाजिक दायित्व नीति ''अपने रेल यात्रियों, ग्राहकों, उपभोक्ताओं, शेयर धारकों कर्मचारियों, स्थानीय समुदाय और बड़े पैमाने पर समाज सहित सभी संबंधित पक्षकारों के प्रति एक सजग और दायित्वपूर्ण कार्पोरेट के रूप में बने रहना'' है। वर्ष 2010–11 के लिए कार्पोरेशन द्वारा कार्पोरेट सामाजिक दाायित्व से संबंधित गतिविधियों के लिए 2.25 करोड़ रूपए की राशि निर्धारित की गई थी।

मैं अपनी ओर से और कार्पोरेशन के निदेशक मंडल की ओर से निवर्तमान अध्यक्ष, श्री विवेक सहाय, भूतपूर्व अध्यक्ष एवं सदस्य यातायात, रेलवे बोर्ड, अंशकालिक सरकारी निदेशक, श्री नरेश सलेचा, कार्यपालक निदेशक वित्त (वाणिज्य) और अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक श्री जगदीप छोकर और श्री आलोक शिवपुरी का, उनके द्वारा दिए बहुमूल्य मार्गदर्शन, की गई सेवाओं के लिए, आभार व्यक्त करता हूँ।

समापन से पहले, मैं सभी शेयर धारकों द्वारा कार्पोरेशन में विश्वास व्यक्त करने के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। मैं भारत सरकार, रेल मंत्रालय, पर्यटन मंत्रालय, और जोनल रेलों का उनके द्वारा दिए गए बहुमूल्य मार्गदर्शन और सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त करता हूँ।

अंत में, मैं अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा हमारी संबद्ध एजेन्सियों द्वारा कार्पोरेशन के समग्र विकास और प्रगति के लिए दर्शाई गई प्रतिबद्धता, लगन और समर्पण की भावना से किए गए कार्य के लिए अपना हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

धन्यवाद,

हस्ता.
(विनय मित्तल)
अध्यक्ष

स्थान : नई दिल्ली
दिल्ली : 22 सितंबर, 2011

निदेशकों की रिपोर्ट

सेवा में,

शेयर धारकगण

निदेशकों को 31 मार्च, 2011 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए बारहवीं वार्षिक रिपोर्ट और लेखापरीक्षित लेखा विवरण तथा लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और उस पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) की टिप्पणियों को प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता है।

1. वित्तीय निष्पादन

वर्ष 2010–11 के दौरान कार्पोरेशन ने वर्ष 2009–10 में 721.97 करोड़ रूपए की तुलना में 764.93 करोड़ रूपए की कुल आमदनी प्राप्त की जो कि एक नया रिकार्ड है और यह लगभग 6 प्रतिशत की वृद्धि का परिचायक है। लाइसेन्सी खानपान नीति और इंटरनेट टिकट बुकिंग में सेवा प्रभारों में कमी के चलते इस वृद्धि को संतोषजनक कहा जा सकता है।

वर्ष 2010–11 में 129.79 करोड़ रूपए का कर पूर्व लाभ (जो कि एक नया रिकार्ड है) प्राप्त किया जबकि पिछले वर्ष यह 94.76 करोड़ रूपए था। इस प्रकार इसमें लगभग 37 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। ऐसा कार्पोरेशन में लागत में कमी लाने वाले अनेक उपायों को अपना कर किया गया है, विशेषकर, विभागीय, खानपान के क्षेत्र में हानियों को घटाकर 55 करोड़ तक किया गया है जबकि पिछले वर्ष यह घाटा 75 करोड़ रूपए था बहरहाल, शुद्ध लाभ में मामूली सी कमी आई है जो 2009–10 के 63.05 करोड़ रूपए की तुलना में 2010–11 में 60.79 रूपए था इसकी वजह आयकर के लिए अधिक व्यवस्था करना था। 20.07.2010 से नई खानपान नीति की घोषणा तक ढुलाई प्रभार के लिए 9.12 करोड़ रूपए की व्यवस्था की गई है।

कार्पोरेशन का शुद्ध मूल्य 200 करोड़ रूपए के आंकड़े को पार कर गया है और यह 31.03.2010 को 211.41 करोड़ रूपए था जबकि 31.03.2010 को यह 162.76 करोड़ रूपए था।

कार्पोरेशन द्वारा अर्जित लाभ को निम्नलिखित रूप से विनियोजित किया गया है:–

(करोड़ रूपए में)

विवरण	31 मार्च, 2011 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2010 को समाप्त वर्ष
कर पूर्व लाभ	129.79	94.76
कर के लिए प्रावधान	68.06	34.52
आस्थगित कर	–	(2.81)
करोपरांत लाभ	60.79	63.05
अग्रेणीत लाभ	12.84	9.54
आरक्षित में अंतरित	45.00	45.00
लाभांश(लाभांश कर सहित)	14.13	14.75
तुलन पत्र के लिए अग्रेणीत लाभ	**14.50**	**12.84**

2. रेलवे के राजस्व में अंशदान

वर्ष के दौरान कार्पोरेशन ने भारतीय रेलवे के राजस्व में पिछले वर्ष के 82.28 करोड़ रूपए की तुलना में 55. 59 करोड़ रूपए का अंशदान किया। रेलवे के राजस्व में किए गए अंशदान में ढुलाई प्रभार, कंसेशन फीस, लाइसेन्स फीस, उपयोगकर्त्ता प्रभार और लांभाश शामिल हैं। उपर्युक्त के अलावा वर्ष के दौरान 8007 करोड़ रूपए की टिकटें बुक की गईं जबकि पिछले वर्ष के दौरान 6011 करोड़ रूपए की टिकटें बुक की गई थी।

3. लाभांश

वर्ष 2010 – 2011 के दौरान लाभांश कर को छोड़कर 12.16 करोड़ रूपए के लाभांश (शुद्ध –लाभ का 20 प्रतिशत) की सिफारिश की गई है जबकि पिछले वर्ष में 12.61 करोड़ रूपए (शुद्ध लाभ का 20 प्रतिशत) का भुगतान किया गया था।

4. पूंजीगत संरचना

31 मार्च, 2011 की स्थिति के अनुसार कार्पोरेशन की प्रदत्त शेयर पूंजी 20.00 करोड़ रूपए थी। कार्पोरेशन की पूरी प्रदत्त शेयर पूंजी भारत सरकार के पास है। वर्ष के दौरान, प्रदत्त शेयर पूंजी में कोई परिवर्तन नहीं हुआ।

5. व्यवसाय संबंधी निष्पादन

कार्पोरेशन के व्यवसाय संबंधी मुख्य कार्य क्षेत्र / गतिविधियां निम्नलिखित हैं:–

(i) खानपान एवं अतिथि सत्कार

(ii) इंटरनेट टिकटिंग

(iii) यात्रा एवं पर्यटन

(iv) बोतलबंद पीने का पानी (रेलनीर)

(I) खानपान एवं अतिथि सत्कार

मौजूदा खानपान सेवाओं में समग्र सुधार के चलते गत वर्षों के दौरान कार्पोरेशन की खानपान सेवाओं में कई गुणा वृद्धि हुई। अधिकांश खानपान युनिटें आई एस ओ प्रमाणित थीं।

रेल मंत्रालय द्वारा 21.07.2010 नई खानपान नीति की घोषणा की गई थी। इस नीति में यह व्यवस्था थी कि फूड प्लाजाओं, फास्ट फूड यूनिटों और फूड कोर्टों को छोड़कर लाइसेन्सी और विभागीय खानपान सेवा रेलवे को सौंप दी जाए। जबकि 31 मार्च, 2011 को अधिकांश लाइसेन्सी खानपान यूनिटें रेलवे को सौंप दी गई हैं, अधिकांश विभागीय खानपान अभी भी रेलवे द्वारा ले लिए जाने तक आईआरसीटीसी के पास ही मौजूद है।

(i) मोबाइल खानपान

वर्ष के दौरान कार्पोरेशन की मोबाइल खानपान गतिविधियां 31.03.2010 के अंत तक मौजूद 285 गाड़ियों से घटकर 31.03.2011 के अंत तक 33 गाड़ियों तक ही रह गई थी। आईआरसीटीसी सभी नई चलाई गई दूरंतो गाड़ियों में खानपान सेवाएं मुहैया करा रही है। यह बहुत चुनौतीपूर्ण कार्य है क्योकि भारतीय रेलोंपर पहली बार शयनयान श्रेणी में अनिवार्य रूप से खानपान सेवा लागू की गई है और इसलिए भी कि इन गाड़ियों में सरंचनात्मक कमियां भी हैं।

(ii) स्थैतिक खानपान

जहां तक स्थैतिक खानपान का संबंध है, इनकी संख्या 31.03.2010 को मौजूद 7000 यूनिटों से घटकर 31.03.2011 को 250 यूनिटें रह गई थी और वे भी रेलवे को अंतरित किए जाने की प्रक्रिया से गुजर रही हैं। जहां तक विभागीय यूनिटों का संबंध है ऐसी सभी यूनिटें (लगभग 670) आईआरसीटीसी के पास बनी हुई है इन्हें भी बाद के चरणों में अंतरित किया जाएगा।

(iii) बुक स्टाल

इस समय आईआरसीटीसी भारतीय रेलों के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर 1271 बुक स्टालों का काम देख रहा है। बुक स्टालों को अपग्रेड करने तथा नए आबंटन का काम नहीं किया जा सका क्योंकि माननीय उच्चतम न्यायलय ने इस पर रोक लगा दी है और रेल मंत्रालय ने कहा है कि इस संबंध में यथास्थिति बनाए रखी जाए।

(iv) सांस्थानिक खानपान और मंत्रालय कैफेटेरिया

रेलवे खानपान के अलावा आईआरसीटीसी ने विभिन्न संस्थानों और मंत्रालयों में उन्हीं के स्थान पर उचित एवं तर्कसंगत कीमतों पर कैफेटेरिया की सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। कार्पोरेशन ने ऐसी 2 इकाइयां और खोली हैं। इस प्रकार, मार्च 2011 तक इनकी संख्या 8 हो गई थी। अगस्त 2011 तक 14 और ऐसी इकाइयां खोल दी गयी हैं। ये खानपान इकाइयां पूरी तरह वातनुकूलित हैं और सुरूचिपूर्ण वातावरण में स्थित हैं। शाकाहारी और माँसाहारी भोजन जिसमें उत्तर–भारतीय, दक्षिण भारतीय, चाइनीज, कांटीनेन्टल, चाट, अल्पाहार और पेय आदि शामिल हैं, उचित मूल्य पर उपलब्ध कराए जाते हैं और जिन्हें व्यापक रूप से सराहा गया है। परोसा जाने वाला भोजन उच्च गुणवत्ता वाला होता है और यह आई एस ओ/एच ए सी सी पी मानकों के अनुरूप होता है।

(v) बजट होटल

आईआरसीटीसी, पी पी पी आधार पर चार होटलों/रेल यात्री निवास का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है। ये होटल हैं रेल यात्री निवास नई दिल्ली और हावड़ा में तथा बी एन आर होटल रांची और पुरी में (रेल धरोहर होटल)। आईआरसीटीसी ने भुवनेश्वर में बजट होटल की स्थापना के लिए रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की है यहां राज्य सरकार ने आईआरसीटीसी को भूमि का आबंटन कर दिया है।

गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली

आईआरसीटीसी सर्वोत्तम इन हाउस प्रयोगशाला और आर एंड डी सेन्टर के साथ गुणवत्ता मानकों तथा एच ए सी सी पी/आई एस ओ 22,000 के मानकों का कड़ाई से अनुपालन करता है।

(i) एच ए सी सी पी अनुपालन की निगरानी

खानपान सेवा उपलब्ध कराने वाले व्यावसायिक अनुभव वाले वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा सभी जोनल कार्यालयों से गुणवत्ता नियंत्रण व्यावसायिकों को लगाया गया है और उन्हें एच ए सी सी पी के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न भोजन उत्पादन स्थलों पर अस्थाई रूप से लगाया जाता है।

(ii) निगरानी प्रणाली –ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण

भोजन और साफ सफाई की गुणवत्ता का पर्याप्त रूप से आकलन ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण से किया जा सकता है और आईआरसीटीसी तीसरे पक्ष के जरिए ऐसे सर्वेक्षण व्यावासायिक रूप से करवाता रहता है।

(iii) भोजन संरक्षा जांच

जनता के स्वास्थ्य पर भोजन संरक्षा के पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए आईआरसीटीसी द्वारा तीसरे पक्ष के जरिए मान्यताप्राप्त केन्द्रों में परीक्षण प्रयोगशालाओं में भोजन संरक्षा जांच की जाती है।

(iv) खानपान इकाइयों का आई. एस. ओ. प्रमाणन

खानपान सेवाओं की गुणवत्ता को विभिन्न आई.एस.ओ. प्रमाणनों सहित विभिन्न गुणवत्ता वाले उपायों के जरिए बढ़ाया जाता है। आईआरसीटीसी अपनी खानपान इकाइयों का आई.एस.ओ. प्रमाणन मान्यता प्राप्त एजेन्सियों के माध्यम से करवाता रहा है। लाइसेन्सियों के 158 बेस किचनों में से 124 को पहले ही आई.एस.ओ. प्रमाणन के अंतर्गत शामिल किया जा चुका है। लाइसेन्सियों द्वारा परिचालित बेस किचनों को मोबाइल यूनिटों सहित जोनल रेलों को अंतरित कर दिया गया है।

(v) चौबीसों घंटे नियंत्रण परिचालन

खानपान सेवाओं की गुणवत्ता पर नज़र रखने के लिए नई दिल्ली में केन्द्रीय नियंत्रण स्थापित किया गया है जो यात्रियों को सुगम पहुंच सुलभ कराने के लिए पूरी तरह से फोन, फैक्स , ब्रॉड बैन्ड कनेक्टिविटी वाले पी सी से सुसज्जित है। राष्ट्रीय टॉल फ्री नंबर उपलब्ध कराया गया है। इसके अलावा, जोनल कार्यालयों में भी खानपान सेवाओं की गुणवत्ता पर नज़र रखने के लिए जोनल नियंत्रण कार्यालय मौजूद हैं। नियंत्रण कार्यालय खानपान परिचालनों पर नज़र रखते हैं और ग्राहकों की संतुष्टि के अनुरूप शिकायतों को टेलीफोन पर प्राप्त करके उनका मौके पर ही समाधान करते हैं। गाड़ी परिचालन से संबंधित किसी भी प्रकार की कोताही के लिए खानपान सेवाओं की व्यवस्था करने के लिए सभी संबंधित सेवा प्रदाताओं कों सूचित करता है।

(II) इंटरनेट टिकटिंग

ई–टिकटिंग निष्पादन

ई–टिकटिंग, ई–गवर्नेंस की सफलता की सबसे बड़ी कहानी है और इसने उस पूरे परिदृश्य को बदल कर रख दिया है जिसमें आम आदमी का रेलवे से सरोकार पड़ता है। इससे सुविधा की दृष्टि से बहुत लाभ हुआ है और समय और श्रम की बचत हुई है। तथा पारदर्शिता के साथ–साथ भ्रष्टाचार को कम करने में मदद मिली है जिससे रेलयात्रियों को बहुत सुविधा हुई है।

ई–टिकटिंग की त्वरित वृद्धि, ग्राहकों के लिए न केवल पूरी प्रक्रिया की सरलता से हुई है बल्कि ई–आरक्षण के लिए स्थापित शक्तिशाली प्रक्रिया के कारण भी हुई है जिसके तहत सभी प्रकार के क्रेडिट कार्डो, अधिकांश डेबिट कार्डों, कैश कार्डों की सुविधा, नेट बैंकिंग की सुविधा और पांच प्रमुख भुगतान साधनों के जरिए टिकटों की बुकिंग की जा सकती है। इसमें तत्काल ऑनलाइन धनवापसी सुविधा से भी मदद मिली है। आम आदमी भी, जिसके पास कंप्यूटर/नेट की सुविधा नहीं है, 500 शहरों और कस्बों में फैले हुए (लगभग 1.5 लाख) विभिन्न आउटलेटों के माध्यम से भी ई–टिकट खरीद सकता है। यात्रियों की और मदद करने के लिए वर्ष के दौरान सुबह 8 बजे से 9 बजे के बीच (बुकिंग का अत्यधिक महत्वपूर्ण समय) केवल सीधे यात्रियों को ही टिकट बुक कराने की अनुमति थी उस समय एजेन्टों को टिकट बुक कराने की अनुमति नहीं थी। वर्ष के दौरान बेईमान व्यक्तियों द्वारा ई–टिकट की बुकिंग में अनधिकृत प्रक्रियाओं को रोकने के लिए कई प्रकार के अभियान चलाए गए थे। पंजीकरण की प्रणाली को भी सुदृढ़ किया गया था। वर्ष के दौरान आईटी भ्रष्टाचार रोधी कक्ष भी स्थापित किया गया था। साइट को और अधिक उपभोक्ता हितैषी बनाया गया था और तकनीकी दृष्टि से भी इसे समुन्नत बनाया गया था। प्रणाली में आने वाले दोषों का पता लगाने तथा एस क्यू टी सी के जरिए सुरक्षा और प्रक्रियात्मक लेखा परीक्षाएं की गई थी और कमियों को दूर किया गया था। यह प्रक्रिया अभी भी चल रही है।

इंटरनेट टिकटिंग भी दिनों दिन मजबूत होती जा रही है। इस समय यह भारतीय रेल पर होने वाले कुल आरक्षण का 40 प्रतिशत काम सम्हाल रही है। हाल ही में हमने केवल एक दिन में चार लाख टिकटों की रिकार्ड बिक्री की। वर्ष 2010–11 के दौरान कुल 8007 करोड़ रूपए की टिकटें बुक की गई जबकि पिछले वर्ष में यह संख्या 6011 करोड़ रूपए थी। वर्ष 2010–11 में वेबसाइट के जरिए बुक की गई। टिकटों की कुल संख्या (ई और आई दोनों प्रकार की टिकटों की मिलाकर) 9.69 करोड़ थी (17.42 करोड़ यात्री) जबकि 2009–10 के दौरान कुल 7.20 करोड़ (12.92 करोड़ यात्री) थी।

इंटरनेट के जरिए रेल टिकटों की बुकिंग 00.30 बजे से 23.30 बजे तक वर्ष के 365 दिनों उपलब्ध रहती है। आईआरसीटीसी ग्राहकों को दी जाने वाली सेवाओं में और सुधार लाने के लिए मौजूद अवसंरचना में वृद्धि करने की प्रक्रिया में है।

139 रेल संपर्क

आईआरसीटीसी यात्री पूछताछ के लिए पी पी पी आधार पर **रेल संपर्क 139 (भारतीय रेलों की एकीकृत गाड़ी पूछताछ प्रणाली)** का प्रबंधन करती है। 2010–11 में 24.68 करोड़ फोन पर कालें और 2.61 एस एम एस सम्हाले गए थे जबकि 2009–10 में यह आंकड़े क्रमशः 23.11 करोड़ तथा 1.25 करोड़ थे।

(III) यात्रा एवं पर्यटन

आईआरसीटीसी पर्यटकों की विभिन्न तबकों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विभिन्न प्रकार के यात्रा एवं पर्यटन उत्पाद और सेवाएं मुहैया कराता है। इनमें भारत दर्शन पर्यटक गाड़ियां, शैक्षणिक टुअर्स, महापरिनिवार्ण एक्सप्रेस बौद्ध परिपथ विशेष गाडी, रेल एवं सड़क टुअर पैकेज, चार्टर्ड रेल गाड़ियां एवं सवारी डिब्बे, हिल चार्टर लग्जरी टूरिस्ट गाड़ियां, किराए पर टैक्सी उपलब्ध कराना– ऑनलाइन होटल बुकिंग सेवा, ऑनलाइन एयर टिकटिंग और बजट होटल शामिल हैं।

यात्रा एवं पर्यटन व्यवसाय से वर्ष 2010–11 में 67.04 करोड़ रूपए की आय हुई जबकि वर्ष 2009–10 में यह राशि 44.72 करोड़ रूपए थी, इस प्रकार इस मद में 50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

भारत दर्शन पर्यटन गाड़ी (विलेज ऑन व्हील्स)

आईआरसीटीसी बजट पर्यटकों के लिए भारत दर्शन पर्यटन गाड़ियां चलाता है। जिनमें यात्रीगण 500 रूपए प्रतिदिन की दर से भारत दर्शन कर सकते हैं:– इसमें रेल यात्रा, सड़क यात्रा, भोजन, पर्यटन स्थलों को देखना, आवास और बीमा आदि का खर्च शामिल है। वर्ष 2010–11 के दौरान देश भर में 60 फेरों में 23,636 यात्रियों ने भारत दर्शन यात्रा की जबकि पिछले वर्ष 57 फेरों के जरिए 22,621 यात्रियों ने यह यात्रा की। आईआरसीटीसी ने ''भारत दर्शन भ्रमण'' के ''उत्कृष्ट परिचालन'' के लिए ''जी एम आर ट्रैवल वर्ल्ड अवार्ड'' जीता है।

महापरिनिर्वाण एक्सप्रेक्स

बौद्ध परिपथ विशेष गाड़ी महापरिनिर्वाण एक्सप्रेस द्वारा बौद्ध परिपथ के विभिन्न गंतव्यों के लिए 7 रात/8 दिन का सर्वसमावेशी टुअर कराया जाता है और यह गाड़ी इस परिपथ पर अन्तर्राष्ट्रीय और देशीय यात्रियों के लिए संरक्षित, आरामदेह और विश्वसनीय टुअर पैकेज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाई गई है। इस गाड़ी को पर्यटन मंत्रालय द्वारा फरवरी 2009 में **''राष्ट्रीय पर्यटन उत्कृष्टता पुरस्कार''** प्रदान किया गया है। वर्ष 2010–11 में इस गाड़ी में 1367 यात्रियों ने यात्रा की जबकि वर्ष 2009–10 के दौरान 1039 यात्रियों ने यात्रा की थी जो 32 प्रतिशत वृद्धि का द्योतक है।

टुअर्स पैकेज

आईआरसीटीसी पूरे देश भर में पूर्ण समावेशी रेल टुअर पैकेज परिचालित करती है। जिसमें उचित मूल्यों पर पुष्ट रेल आरक्षण, सड़क मार्ग द्वारा यात्रा, आवास, भोजन और पर्यटन स्थलों की सैर करवाना शामिल है। वर्ष 2010–11 में कुल 49,308 यात्रियों ने आईआरसीटीसी टुअर पैकेज का लाभ उठाया जबकि पिछले वर्ष 43,258 यात्रियों ने यह यात्रा की थी।

शैक्षिक टुअर्स

आईआरसीटीसी ने अपनी **''सीखने के लिए भ्रमण करें''** योजना के तहत शैक्षणिक भ्रमणों का आयोजन किया है और बच्चों के लिए शैक्षिक टुअर्स के आयोजन के लिए केन्द्रीय विद्यालय संगठन, तमिलनाडु सरकार, असम सरकार, जम्मू एवं कश्मीर सरकार तथा प्राइवेट स्कूलों के साथ ताल–मेल किया है। वर्ष

2010–11 में 20,441 विद्यार्थियों और अध्यापकों ने शैक्षणिक टुअर्स की सुविधाओं का लाभ उठाया जबकि वर्ष 2009–2010 में यह संख्या 12,729 थी।

चार्टर्ड रेल गाड़ियां और सवारी डिब्बे

आईआरसीटीसी ने वर्ष 2010–11 में 243 चार्टर्ड रेल गाड़ियों / सवारी डिब्बों को परिचालित किया जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 248 थी। इसी प्रकार कंपनी ने वर्ष 2010–11 में 80 हिल चार्टर रेल गाड़ियां परिचालित की जबकि वर्ष 2009–10 में यह संख्या 36 थी।

कार्पोरेट यात्रा

आईआरसीटीसी ने वर्ष 2010–11 में कार्पोरेट यात्रा के क्षेत्र में भी पदार्पण किया है। और यह कार्पोरेट जगत को संपूण यात्रा सेवाएं मुहैया करा रहा है। जिसमें हवाई टिकट की बुकिंग, घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय होटलों में बुकिंग, किराए पर टैक्सी उपलब्ध कराना, पासपोर्ट और वीजा संबंधी सुविधा प्रदान करना, इंश्योरेन्स और विदेशी मुद्रा उपलब्ध कराना आदि शामिल हैं।

पर्यटन पोर्टल

आईआरसीटीसी का पर्यटन पोर्टल www.railtourismindia.com एक ही स्थान पर समाधान उपलब्ध कराता है, यह पोर्टल, जिसे वर्ष 2008 में राष्ट्रीय पर्यटन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, दिन–ब–दिन यात्रियों के बीच लोकप्रिय हो रहा है और यह यात्रा और पर्यटन संबंधी विभिन्न सेवाएं जैसे पर्यटन गाड़ियों की ऑन लाइन बुकिंग, टुअर पैकेज, होटल, किराए पर टैक्सी उपलब्ध कराना और हवाई टिकटों की व्यवस्था करता है।

महाराजा एक्सप्रेस

यह गाड़ी उच्च कोटि की लग्जरी रेल गाड़ी है जिसका स्वामित्व आईआरसीटीसी के पास है। लेकिन इसका प्रबंधन रायेल इंडियन रेल टुअर्स लिमिटिड द्वारा किया जाता है। इस अखिल भारतीय लग्जरी पर्यटन गाड़ी ने वर्ष 2010 में 28 फेरे लगाए जिसमें 1030 पर्यटकों ने यात्रा की।

भारत तीर्थ

आईआरसीटीसी ने फरवरी 2011 में माननीय रेल मंत्री जी द्वारा अपने बजट भाषण 2010 में की गई घोषणा को पूरा करने के लिए भारत तीर्थ पर्यटक गाड़ियां चलाई हैं। विभिन्न तबकों के पर्यटकों की यात्रा संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इन गाड़ियों में तीन तरह के पैकेज बनाए गए हैं। (अर्थात – बजट, मानक और डीलक्स) वर्ष में कुल 4 फेरे लगाए गए जिसमें 1443 यात्रियों ने की ।

(IV) बोतलबंद पीने का पानी (रेलनीर)

वर्ष 2010–2011 में रेलनीर बोतलबंद पीने के पानी के उत्पादन के दो संयंत्र नांगलोई (दिल्ली) और दानापुर (बिहार) में परिचालन में थे। नांगलोई और दानापुर में रेलनीर का उत्पादन क्रमशः 3.28 करोड़ और 3.12 करोड़ बोतलें था जबकि प्रत्येक संयंत्र की स्थापित क्षमता 3.34 करोड़ बोतलें थी। वर्ष 2010–11 के दौरान 23.96 करोड रुपए का कारोबार हुआ। इसमें 19.39 करोड़ रूपए का मध्यवर्ती अवधि में किया गया कारोबार शामिल नहीं है।

नांगलोई में उत्पादित रेलनीर को चलती हुई गाड़ियों और स्थैतिक खानपान यूनिटों में मुख्य रूप से दिल्ली क्षेत्र और अन्य राज्यों जैसे हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान में स्थित इकाइयों में वितरित किया जाता है। इसके अलावा, संसद भवन, प्रधानमंत्री कार्यालय, रेलवे बोर्ड और मंत्रालय आदि में भी रेलनीर की आपूर्ति की जाती है।

दानापुर में उत्पादित रेलनीर को बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, पूर्वी उत्तरप्रदेश, असम और उड़ीसा में वितरित किया जाता है।

वर्ष के दौरान दानापुर स्थित रेलनीर प्लांट को आई. एस. ओ.–9001–2008 के अनुसार गुणवत्ता प्रबंधन की प्रणाली का प्रमाणन प्राप्त की प्रक्रिया में है।

रेलनीर बोतलबंद पीने के पानी की मान्यताप्राप्त प्रयोगशालाओं द्वारा किए गए परीक्षणों के परिणाम कीटनाशक अवशेष के लिए यूरोपीय आर्थिक समुदाय के मानकों के अनुरूप हैं।

पलूर (चैन्ने) में भी पीने के बोतल बंद पानी का 1.8 लाख बोतल/प्रतिदिन की स्थापित क्षमता वाला एक संयंत्र स्थापित किया गया है। और वह जुलाई 2011 से चालू हो गया है।

6. राष्ट्रमंडल खेल दिल्ली–2010

2010 में दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन किया गया था और यह भारत में 1982 में आयोजित एशियाई खेलों के बाद सबसे बड़ा विभिन्न खेलों वाला अन्तर्राष्ट्रीय आयोजन था। यह खेल 3 अक्टूबर 2010 से 14 अक्टूबर 2010 तक 12 दिन के लिए आयोजित किए गए थे और अधिकांश खिलाड़ियों और तकनीकी अधिकारियों की 23 सितंबर (प्रशिक्षण अवधि) से आगे तक आवभगत की गई और इसमें राष्ट्रमंडलीय खेलों की 71 एसोसिएशनों के 7000 खिलाड़ियों ने भाग लिया। राष्ट्रमंडल खेलों का प्रबंधन और टिकटों की व्यवस्था का काम आगरा में सी डब्ल्यू जी स्पेशल शताब्दी गाड़ी का ऑफ बोर्ड प्रबंधन तथा एस पी एम तथा तालकटोरा स्टेडियमों में खानपान व्यवस्थाओं का कार्य आईआरसीटीसी के मुकुट में एक और मोती था। इनका विवरण निम्नलिखित हैः–

सी डब्ल्यू जी टिकटिंग

आईआरसीटीसी को 19वें राष्ट्र मंडल खेल 2010 दिल्ली के लिए जो कि 1982 में आयोजित एशियाई खेलों के बाद सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय विभिन्न खेलों वाला आयोजन था, अधिकृति टिकटिंग एजेन्सी के रूप में नियुक्त किया गया था।

इसने 12 दिन तक चलने वाले 17 खेल आयोजनों से जुड़े 290 खेल सत्रों के लिए 14 लाख बैठने के स्थानों के लिए टिकटिंग का काम बखूबी सम्हाला था।

इस वृहद कार्य को करने के लिए टिकटों को खेल प्रेमियों को पहुँचाने के काम में निम्नलिखित चरण शामिल थेः–

- डिजाइन तैयार करना, सपुर्दगी तथा टिकटिंग टेक्नोलॉजी के प्रबंधन का कार्य।
- टिकटों की बुकिंग के लिए मैनुअल आउटलेट तथा ग्राहक सेवा के लिए ऑनलाइन रियल टाइम ट्रांजैक्शनल वैबसाइट काल सेन्टरों का विकास एवं प्रबंधन।
- खेल स्थानों पर टिकट बॉक्स आफिसों को चलाना और उनका प्रबंधन करना।
- टिकटिंग कर्मचारियों का प्रशिक्षण और प्रबंधन
- टिकटिंग, मुद्रण और सपुर्दगी (देश में और विदेश में) सहित टिकटिंग आदेशों को पूरा करना।
- फिजिकल इनवेन्ट्री और रोकड़ संग्रहण के प्रबंधन का संभार तंत्र।
- खेल स्थलों पर उत्पन्न होने वाले विवादों का समाधान।

इसके लिए मैसर्स ब्रॉड विजन (सॉफ्टवेयर सहायता के लिए) और मैसर्स टिकटप्रो (टिकटिंग विशेषज्ञता के लिए) के साथ एक कंसोर्शियम के जरिए काम को सर अंजाम दिया गया।

सी डब्ल्यूजी की विभिन्न परियोजनाओं की जांच करने के लिए शुंगलू कमेटी सहित सर्वसम्बधित द्वारा आईआरसीटीसी के काम–काज की सराहना की गई है।

सी डब्ल्यू जी पर्यटन – सी डब्ल्यू जी खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए एक विशेष शताब्दी गाड़ी भारतीय रेल द्वारा चलाई गई थी। आईआरसीटीसी ने उत्तर प्रदेश पर्यटन के सहयोग से अक्टूबर 2010 के दौरान आगरा भ्रमण के लिए 3000 सीडब्ल्यूजी खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए ऑफ बोर्ड व्यवस्थाएं की थी। इन सेवाओं की अतिथियों द्वारा बहुत प्रशंसा की गई थी।

सी डब्ल्यू जी खानपान – आईआरसीटीसी ने खिलाड़ियों एवं टीम के अधिकारियों, तकनीकी अधिकारियों, मीडिया, अति विशिष्ट व्यक्तियों एवं खेल परिवार के लिए एस पी एम (ऐक्वेटिक्स) एवं तालकटोरा (बॉक्सिंग) लाऊँजों में पैकेज नंबर 2 के खानपान की व्यवस्था की आईआरसीटसी ने विभिन्न लाऊँजों में उपर्युक्त ग्रुपों के लिए उत्कृष्ट खानपान सेवा की व्यवस्था की जहां प्रतिदिन 3500 से अधिक भोजन प्रतिदिन की दर से परोसे गए थे। व्यावसायिक मैत्रीपूर्ण सेवा और व्यापक मेन्यू जो भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय व्यंजनों के मिश्रण से भरपूर था, के लिए आईआरसीटीसी की भूरि–भूरि प्रशंसा की गई थी।

7. भावी विकास की रणनीतियां

आईआरसीटीसी आत्मनिरीक्षण के जरिए अपने व्यावसायिक क्रिया कलापों पर नए सिरे से विचार कर रही है। यह अपने सामने आने वाली नई चुनौतियों से निपटने के लिए नई पहलकदमियां अपनाएगा।

इस कॉर्पोरेशन का लक्ष्य है कि दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की की जाए। इस प्रयोजन के लिए व्यवसाय के अस्तित्व की प्रकृति को बदलने के लिए दीर्घ कालीन उपायों को अपनाया जाएगा ताकि इसे वित्त वर्ष 2015 तक 2500 करोड़ रुपए वाली कंपनी बनाया जा सके। हम इस बात के मद्देनज़र ऊँचा लक्ष्य निर्धारित कर रहे हैं कि वित्त वर्ष 12 के लिए कारोबार का लक्ष्य केवल 500 करोड़ है जो कि चालू वर्ष में प्राप्त 765 करोड़ रूपए के लक्ष्य से बहुत कम है। वित्त वर्ष 15 के लक्ष्य के आस–पास पहुँचने के लिए रेलवे का सतत् समर्थन दरकार होगा। बजट होटलों, रेलनीर, ई–टिकटिंग, टर्मिनल प्रबंधन, वाणिज्यिक विज्ञापनों और पर्यटन उत्पादों के संबंध में इसे रेलवे से तर्कसंगत एवं सकारात्मक नीतिगत पहलकदमियों की आवश्यकता होगी।

यह भी देखने की बात है कि रेल मंत्रालय से और कौन सी नॉन कोर गतिविधियां कॉर्पोरेशन को सौंपी जा सकती हैं। कार्पोरेशन को शक्ति सम्पन्न बनाए जाने की आवश्यकता है ताकि यह बजट होटलों की अपने प्रारंभिक कार्य को कर सके और युद्ध स्तर पर इस क्षेत्र मे वृद्धि कर सके।

गत वर्षों के दौरान आईआरसीटीसी ने अतिथि–सत्कार, खानपान, पर्यटन, बोतलबंद पेयजल और ई–कॉमर्स के क्षेत्र में बहुत सी क्षमताएं विकसित की हैं। इसकी पूरे देश में पहुँच है जिसमें जोनल, आंचलिक और प्रमुख शहरों में स्टेशन अधिकारियों का एक पूरा समूह कार्यरत है। आईआरसीटीसी में विभिन्न प्रतिष्ठित होटल प्रबंधन संस्थानों के 1500 हॉस्पीटैलिटी व्यवसायी कार्यरत हैं जो बड़ी मात्रा में भोजन उत्पादन, वितरण और गुणवत्ता नियंत्रण के काम को सरअंजाम देते हैं। आईआरसीटीसी के काम में और आउटसोर्स मॉडल के जटिल परिचालन प्रबंधन, उच्च कोटि वाली खानपान सुविधाओं का विकास, अतिथि सत्कार से जुड़ी परियोजनाओं को डिजाइन करना, उन्हें अपग्रेड करना और परामर्श देना शामिल है। इसके साथ ही, उच्च श्रेणी और किफायती कोटि के लिए पर्यटन उत्पादों को शुरू करने और पर्यटन प्रबंधन में विशेषज्ञता प्रदान करना, व्यापक अनुभव द्वारा पीडी डब्ल्यू योजनाओं को परिचालित करना तथा भारतीय रेल के नेटवर्क आवश्यकताओं को पूरा करना तथा एशिया–पैसीफिक में सबसे बड़ी ई–कामर्स वैबसाइट का प्रबंधन भी आईआरसीटीसी द्वारा सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

आईआरसीटीसी आने वाले वर्षों में अपने कौशल और अनुभव के आधार पर कई गुणा तरक्की करने के लिए अनेक पहलकदमियों को अपना रहा है जैसा कि नीचे दर्शाया गया है :–

(क) खानपान और अतिथि सत्कार भावी संभावनाएं और योजना

आईआरसीटीसी विभिन्न उपायों को अपनाकर खानपान और अतिथि सत्कार के व्यवसाय को और बढ़ाने के लिए अपने प्रयासों में तेजी ला रहा है।

(i) गैर– रेलवे खानपान

गैर–रेलवे खानपान के क्षेत्र में बड़ी संख्या में भावी परियोजनाओं को चिह्नित किया गया है जो विभिन्न चरणों में हैं। उनमें से कुछ प्रमुख निम्नलिखित हैं:–

- दिल्ली मेट्रो रेल कार्पोरेशन (डीएमआरसी), नई दिल्ली।
- इन्दिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली।
- राउरकेला स्टील प्लांट, राउरकेला, ओडिशा
- साई स्पोर्ट्स हॉस्टल जे.एन.एस एवं आईजी, नई दिल्ली।
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी आंत्रप्रिन्योरशिप एंड मैनेजमेन्ट (निफ्टेम)–कुंडली, हरियाणा।

(ii) सुविधा प्रबंधन

आईआरसीटीसी अपने भागीदारों के साथ कुछ प्रमुख संस्थानों में व्यावसायिक सुविधा प्रबंधन की व्यवस्था भी करती है। आईआरसीटीसी हाउसकीपिंग, सुरक्षा, लाउँड्री, लैडस्केप प्रबंधन, अनुरक्षण और वार्षिक अनुरक्षण संविदा सहित खानपान, फ्रंट ऑफिस और सुविधा प्रबंधन समाधान के लिए एक ही स्थान पर सुविधा उपलब्ध कराता है। हमारी सुविधा प्रबंधन सेवाएं संस्थानों को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए उपलब्ध संसाधनों का इष्टतम उपयोग करने के लिए हमारी सुविधा प्रबंधन सेवाओं को विशेष रूप ढाला गया है। हमारे पास विशेषज्ञों का ऐसा दल मौजूद है जो ग्राहकों की आवश्यकता के अनुसार परियोजनाओं को निष्पादित करने के लिए विशेश रूप से प्रशिक्षित किए गए हैं।

(iii) केन्द्रीय रसोई घर

आईआरसीटीसी 25,000 भोजन प्रतिदिन तैयार करने की क्षमता वाला एक अत्याधुनिक **केन्द्रीय रसोईघर (फूड फैक्टरी)** की स्थापना करने जा रहा है अपनी तरह की यह अत्याधुनिक फूड फैक्टरी उच्च गुणवत्ता और मानक वाला भोजन तैयार करने के लिए प्रमुख एयर फ्लाइट किचनों की तर्ज पर बनायी जा रही है। यह फूड फैक्टरी पूरी तरह स्वचालित होगी और भारत एवं विदेशों के सर्वोत्तम निर्माताओं और व्यावसायिकों से आयातित उपकरणों से सज्जित होगी। इसका मेन्यू प्रारंभ में शाकाहारी, माँसाहारी, और कॉम्बो मील्स (भारतीय/चाइनीज) होगा जिसे अत्यधिक साफ–सफाई के साथ स्वास्थ्यपरक वातावरण में बनाया जाएगा।

(iv) डी. एम. आर. सी.

आईआरसीटीसी डी.एम.आर.सी. के साथ मिलकर शीघ्र ही नई दिल्ली और एनसीआर में उपयुक्त मेट्रो स्टेशनों पर चरणबद्ध आधार पर 130 किओस्क खोलने की योजना बना रहा है। जहां यह मेट्रो के यात्रियों को विभिन्न प्रकार के रूचिकर भोजन और पेय उपलब्ध कराएगा।

(v) एच पी सी एल/बी पी सी एल समझौता ज्ञापन

आईआरसीटीसी ने अखिल भारतीय स्तर पर पर उपयुक्त पेट्रोल पम्पों पर फूड प्लाजा, मोटल और यात्रा संबंधी अन्य सुविधाओं की व्यवस्था करने के लिए प्रमुख पेट्रोलियम पीएसयूज के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह सरकार की निकट भविष्य में 20,000 किलोमीटर एक्सप्रेस मार्गों के निर्माण की योजना को देखते हुए बहुत संभावना वाला क्षेत्र है।

(vi) बजट होटल

आईआरसीटीसी चाहता है कि प्रमुख पर्यटक और धार्मिक गंतव्यों पर बजट होटलों की स्थापना की जाएं और मौजूदा रेल यात्री निवासों और बजट होटलों/मोटलों का प्रबंधन किया जाए। रेल यात्रियों को स्टेशनों के निकट ही उच्च कोटि की साफ सुथरी आवास व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए और इसके लिए यदि आवश्यक हो तो सभी प्रमुख स्टेशनों पर, जहां संभव हो पी पी पी (सार्वजनिक निजी भागीदारी) के तहत बजट होटलों की व्यवस्था की जाए। इसके लिए रेल मंत्रालय से एक स्पष्ट तर्कसंगत नीतिगत पहल की आवश्यकता होगी।

(ख) इंटरनेट टिकटिंग – भावी संभावनाएं एवं योजना

आईआरसीटीसी की वेबसाइट के जरिए इस समय भारतीय रेल की 40 प्रतिशत यात्री आरक्षण प्रणाली की टिकटों की बिक्री की जा रही है। देश में बढ़ती हुई टेलीकॉम और इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ इस क्षेत्र में और अधिक संभावनाएं मौजूद हैं। भावी माँग को पूरा करने के लिए अवसरंचना की क्षमता में वृद्धि की प्रक्रिया जारी है। इस दिशा में अत्याधुनिक डाटा सैन्टर की स्थापना, उच्च क्षमता वाले सर्वरों को लगाने तथा इंटरनेट बैंड–विड्थ के अपग्रेडेशन का काम कार्यान्वयन के अग्रिम चरण में है।

(ग) पर्यटन – भावी संभावनाएं एवं योजना

आईआरसीटीसी का लक्ष्य है – ''उच्च गुणवत्ता वाली यात्रा एवं पर्यटन सेवाएं प्रदान करनेवाली देश की अग्रणी कंपनी बनना।'' निगम ने आगामी वर्षों में कॉरपोरेट यात्रा तथा विदेश से आने वाले अलग–अलग यात्रियों के लिए पर्यटन व्यवसाय को बढ़ाने की योजना बनाई है जिसके लिए वह वर्तमान व्यवसाय लाइनों को तथा नई व्यापार को बढ़ाएगा। भविष्य में ध्यान देने वाले विशेष क्षेत्र निम्नलिखित हैं:

- **शैक्षिक भ्रमण** – आईआरसीटीसी अपनी 'ट्रैवेल टू लर्न' योजना के तहत देश की शैक्षिक संस्थानों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मजबूत शैक्षिक विषयों और देखभाल करने के माहौल सहित विशेष रूप से तैयार किए गए पैकेजों की अग्रणी प्रदाता कंपनी बनी रहने का प्रयास करती रहेगी।
- **कॉरपोरेट यात्रा** – आईआरसीटीसी कॉरपोरेट विशेषकर सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए कम लागत की और दक्ष यात्रा समाधान उपलब्ध कराने पर निरंतर ध्यान देती रहेगी।
- **बौद्ध परिपथ यात्रा** – आईआरसीटीसी की इस परिपथ पर सेवाएं और बढ़ाने की योजना है जिसके लिए चैन्नई से विशेष गाड़ी चलाई जाएगी। इसकी योजना वर्तमान महापरिनिर्वाण एक्सप्रेस की सेवाओं के स्थान पर नई गाड़ी चलाने की है।
- **डीलक्स पर्यटक गाड़ियां** – प्रतिदिन लगभग 250 यूएस डालर के पैकेज राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए आईआरसीटीसी ने योजना बनाई है।

- **ऑन लॉइन यात्रा** – आईआरसीटीसी सबसे बड़ी ई–कामर्स साइट बनी रहने के लिए और ग्राहकों की विभिन्न कोटियो हेतु ऑन लाइन यात्रा समाधान प्रस्तुत करने, प्राप्त किए गए धन के बदले पूरी सेवा देने के अपने प्रयासो को और तेज करेगी।
- **रेल टुअर पैकेज** – नियमित गाड़ी सेवाओं का उपयोग करते हुऐ आई आर सी टी सी वृहत रेल आधारित पैकेज के अपने कार्य को और दृढ़ता प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे।

(घ) बोतलबंद पेय जल – भावी संभावनाएं एंव योजना

- एक अध्ययन के अनुसार, भारतीय रेलनेट वर्क पर बोतलबंद पेयजल की आवश्यकता प्रतिदिन लगभग 30 लाख बोतल की है । जब कि वर्तमान में आईआरसीटीसी प्रतिदिन 2 लाख बोतल का उत्पादन कर रही हैं वर्ष 2011 के अंत तक यह 3.8 लाख बोतल/प्रतिदिन हो जाएगा। अम्बरनाथ (मुंबई) के संयंत्र के चालू हो जाने के बाद वर्ष 2013 से दूसरी क्षमता 5.8 लाख बोतल प्रतिदिन हो जाएगी जो कुल जरूरतों का लगभग 15 प्रतिशत होगा।
- अम्बरनाथ संयंत्र की क्षमता 2 लाख बोतल प्रतिदिन हो जाएगी जबकि इस पर अनुमानित लागत 19 करोड़ रू. आएगी। इष्टतम परियोजना प्रबंधन से कार्य के वर्ष 2012–13 के अंत तक पूरा होने की संभावना है और व्यावसायिक उत्पादन 2013 में प्रारंभ हो जाएगा। साइट स्थल और योजनाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है।
- बोतलों की क्षमता बढ़ाने के लिए, आईआरसीटीसी निजी उद्योग की साझेदारी में संयुक्त उपक्रम के फर्म देश भर में अधिक से अधिक बोतल बंद पेयजल के संयंत्र स्थापित करेंगे। चिह्नित की गई। दो संभावित स्थल नागपुर और हैदराबाद में हैं।
- रेलमंत्रालय ने पी पी पी मॉडल पर बोतलबंद पेयजल के 6 संयंत्र स्थापित करने का निर्णय लिया है।

8. <u>पुरस्कार/मान्यता</u>

विभिन्न क्षेत्रों में कॉरपोरेशन के उत्कृष्ट कार्य निष्पादन को देखते हुए वर्ष के दौरान इसे निम्नलिखित पुरस्कार दिए गए।

- तीसरे डीएस आई जे पी एसयू पुरस्कार 2011, 4000 करोड़ रूपए से कम आकार के तुलन–पत्र के साथ तेजी से उभरती हुई गैर उत्पादक कंपनी के लिए स्पीड किंग '(मिनीरत्न)'–पुरस्कार, अप्रैल 2011 में प्राप्त हुआा।
- नियंत्रक, प्रमाणीकरण प्रधिकरण, भारत सरकार द्वारा अक्तूबर 2010 को एस के ओ सी एच का एकीकृत गाड़ी पूछताछ प्रणाली के लिए वर्ल्ड ओपन अवार्ड।
- इंडिया प्राइड अवार्ड–गोल्ड, पुरस्कार इंटरनेट टिकटिंग के लिए श्री प्रणव मुखर्जी माननीय केन्द्रीय वित्त मंत्री से सितंबर 2010 में प्राप्त हुआ।

9. <u>मानव संसाधन विकास और प्रशिक्षण संबंधी पहल :</u>

वर्ष के 2010–11 के दौरान, कॉरपोरेशन के 3500 कर्मचारियों को उनके कार्य के विभिन्न पहलुओं के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। कॉरपोरेशन ने स्टाफ के लिए ग्राहक देखभाल केन्द्र दिल्ली और प्रसिद्ध क्षेत्रीय और सरकारी संस्थानों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए।

10. औद्योगिक संबंध :

वर्ष के दौरान औद्योगिक संबंध सौहार्दपूर्ण बने रहे।

11. सतर्कता

11.1 वर्तमान में सतर्कता विभाग एक अंशकालिक मुख्य सतर्कता अधिकारी के नेतृत्व में कार्य कर रहा है। यह विभाग निवारक सतर्कता पर बल देने के लिए लगातार प्रयासरत है ताकि, प्रणाली और प्रक्रियाओं को उन्नत बनाया जा सके और मनमर्जी करने का अवसर बहुत कम रहे। प्रशासनिक और वित्तीय कार्यों से संबंधित विषयों पर अनुशासनिक और उचित तरीके से शक्तियों के प्रयोग सुनिश्चित करता है।

11.2 नीतियों/प्रक्रियाओं को व्यवस्थित करने/प्रलेखबद्ध करने के लिए कार्य करने वाले विभागों को सलाह देकर निगम के निष्पादन को बढ़ाने में आईआरसीटीसी का सतर्कता विभाग एक प्रभावी प्रबंधकीय साधन की भूमिका निभाता रहा है।

11.3 सतर्कता जागरूकता सप्ताह 25 अक्टूबर 2010 से 1 नवम्बर 2010 के दौरान आयोजित किया गया। आईआरसीटीसी के सभी कार्यालयों में विविध कार्यक्रम/व्याख्यान आयोजित किए गए । इनका उद्देश्य प्रणालीगत सुधार और सूचना तकनीक का प्रयोग करके निवारक उपायों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना था।

11.4 सतर्कता विभाग के निष्पादन की समीक्षा केन्द्रीय सतर्कता आयोग और आईआरसीटीसी के प्रबंध निदेशक द्वारा नियमित रूप से की जाती है।

11.5 कार्यों और सेवाओं आदि में सत्यनिष्ठा के स्तर को अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक उठाने की दिशा में आईआरसीटीसी केन्द्रीय सतर्कता आयोग की सिफारिशों के अनुरूप सत्यनिष्ठा पैक्ट'' का कार्यान्वयन कर रही है। सत्यनिष्ठा पैक्ट को अपनाकर आईआरसीटीसी को एक लंबी स्वस्थ व्यावसायिक पद्धति स्थापित करने की दिशा में मदद मिली है।

12. राजभाषा का कार्यान्वयन

भारत सरकार की नीतियों के अनुपालन में निगम राजभाषा के कार्यान्वयन पर लगातार बल देता आया है। निगम में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं और निगम ने राजभाषा नीति के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता सिद्ध की है।

कार्यशालाएं आयोजित करके, प्रशिक्षण दिलाकर, बैठकों, निबंध प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक गतिविधियों, द्वारा और गृह पत्रिका 'प्रेरणा' का द्विभाषी प्रकाशन करके निगम ने राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने के लिए सभी प्रयास किए हैं। हिंदी में उल्लेखनीय योगदान देने वालों के लिए अनेक योजनाएं लागू हैं।

वित्त वर्ष 2010–11 के दौरान कॉरपोरेट कार्यालय में राजभाषा के प्रयोग प्रसार की समीक्षा के लिए संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति ने निरीक्षण दौरा किया। समिति ने कॉरपोरेट कार्यालय में किए जा रहे हिंदी के प्रयोग की सराहना की।

13. प्रबंधन परिचर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट:

प्रबंधन परिचर्चा और विश्लेषण पर एक रिपोर्ट **अनुलग्नक–1** के रूप में संलग्न है।

14. कर्मचारियों का विवरण

कंपनी (कर्मचारियों का विवरण) नियम, 1975 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217 (2क) के उपबंधों के अंतर्गत यथा अपेक्षित, कोई भी कर्मचारी उसमें निर्धारित सीमा से अधिक वेतन और भत्ते प्राप्त नहीं कर रहा था।

15. ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी समावेशन, विदेशी मुद्रा में आय और व्यय आदि का विवरण:

ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी समावेशन, विदेशी मुद्रा में आय और व्यय के संबंध में कंपनी (निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट में विवरणों का प्रकटीकरण) नियम, 1988 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217 (1) (ङ) के उपबंधों के अनुसार ब्यौरा **अनुलग्नक–II** पर दिया गया है।

16. निदेशकों के उत्तरदायित्व का विवरण

निदेशकों के उत्तरदायित्व के विवरण के संबंध में, कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217 (2कक) के अंतर्गत अपेक्षा के अनुसरण में एतद्द्वारा यह पुष्टि की जाती है कि :

(i) 31 मार्च, 2011 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक लेखा तैयार करते समय लेखाकरण के लागू मानकों का अनुसरण किया गया है।

(ii) निदेशकों ने ऐसी लेखाकरण नीतियों का चयन किया है और उनको लगातार लागू किया है तथा ऐसे निर्णय लिए तथा अनुमान तैयार किए हैं जो उचित और विवेक सम्मत थे ताकि उनसे वित्तीय वर्ष के अंत में कॉरपोरेशन कार्यों की स्थिति का तथा समीक्षाधीन अवधि के लिए कॉरपोरेशन के लाभ एवं हानि का वास्तविक और सही चित्र प्रस्तुत हो सके।

(iii) निदेशकों ने कॉरपोरेशन की परिसंपत्तियों को सुरक्षित रखने तथा धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकने के लिए कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अनुसार लेखाकरण के समुचित रिकार्ड रखने के संबंध में उचित और पर्याप्त सावधानी बरती है।

(iv) निदेशकों ने 31 मार्च, 2011 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक लेखा 'चालू कंपनी' के आधार पर तैयार किए हैं।

17. भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणी

31मार्च, 2011 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 619(4) के तहत कंपनी के लेखों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणी वार्षिक रिपोर्ट का भाग बनेगी।

18. समवेत अभिशासन और समझौते के ज्ञापन पर हस्ताक्षर

इस रिपोर्ट के भाग में समवेत अभिशासन पर एक रिपोर्ट **अनुबंध-III** में दी गई है। कार्यरत कंपनी सचिव से प्राप्त की गई कॉरपोरेट अभिशासन पर प्रमाणपत्र इस रिपोर्ट के **अनुबंध-IV** में दिया गया है।

कॉरपोरेशन ने भारत सरकार, रेल मंत्रालय के साथ समझौते के ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए हैं। जिससे वर्ष 2010–11 के लिए अन्य बातों के साथ वास्तविक और वित्तीय लक्ष्य निर्धारित किए जा सके।

19. कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

आईआरसीटीसी का कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व की नीति ''अपने रेल यात्रियों, ग्राहकों, उपभोक्ताओं, शेयरधारकों, कर्मचारियों, स्थानीय समुदाय और बड़े पैमाने पर समाज सहित सभी संबद्ध पक्षकारों के प्रति एक सजग, दायित्व पूर्ण कॉरपोरेट के रूप में कायम रहना है। वर्ष 2010–11 के लिए कॉरपोरेशन ने 2.25 करोड़ रूपए की राशि कॉरपोरेट सामाजिक कार्यकलापों के लिए निर्धारित की है।

आईआरसीटीसी ने अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं :–

जयपुर फुट

कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व भगवान महावीर विकलांग समिति सहायता समिति (वीएमवीएसएस) (जो 'जयपुर फुट' के नाम से भी जानी जाती है) के साथ मिलकर शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को कृतिम अंग/कैलीपर्स और हाथ से चलायी जाने वाली ट्राईसाइकिल प्रदान करने के लिए कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व परियोजना शुरू की गई। इस परियोजना के द्वारा 957 विकलांग लाभान्वित हुए। परियोजना की लागत 25.37 लाख रूपए थी। यह परियोजना दिल्ली और जयपुर में 8 मार्च, 2011 को शुरू हुई और 25 मार्च, 2011 को पूरी हुई।

मेरी दिल्ली मेरी यमुना

शाहजहाँनाबाद री–डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन (एस आर डी सी), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सरकार और श्री श्री रविशंकर जी के आर्ट आफ लिविंग फाउन्डेशन के साथ मिलकर यमुना को स्वच्छ रखने के लिए एक परियोजना मेरी दिल्ली मेरी यमुना शुरू की गई। इस परियोजना के द्वारा आईटीओ पर छठ पूजा घाट पर घाट को पिकनिक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। तथा पूजा सामग्री और फूलों के विसर्जन के लिए पृथक विसर्जन क्षेत्र के साथ पैदलपथ, प्रकाशव्यवस्था, वृक्षों, घास और शौचालय आदि का प्रावधान किया जाएगा। परियोजना के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण से भूमि अधिग्रहण के लिए कार्रवाई चला रही है। इसके लिए 56 लाख रू. की राशि आईआरसीटीसी की ओर से योगदान के रूप में देने के लिए चिह्नित की गई है।

बौद्ध परिपथ पर सुलभ शौचालय परिसर

सुलभ इंटरनेशनल इकाई के साथ मिलकर सुलभ परिसर (सार्वजनिक शौचालय) बनाने और उसके रखरखाव की परियोजना शुरू की जाएगी। यह परियोजना बौद्ध परिपथ मार्ग पर उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिले में गोरखपुर से (आनंदनगर, फरेन्द्र के निकट) नौतनवा में विकसित किया जाएगा। ताकि बौद्ध परिपथ पर पर्यटक और अन्य यात्री इसका लाभ उठा सकें। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भूमि का आबंटन कर दिया गया है और परियोजना के कार्यकलाप शुरू कर दिए गए हैं। परियोजना की अनुमानित लागत 25.11 लाख रूपए होगी।

व्यावसायिक प्रशिक्षण

होटल प्रबंधन संस्थान पूसा के साथ मिलकर परियोजना शुरू की गई है जिसके तहत कम से कम एक कन्या विद्यार्थी सहित 5 मेधावी विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इस परियोजना पर कंपनी की 18 लाख रूपए लागत आएगी।

अन्य कार्य–कलाप

- कूड़े के बिखराव को रोकना और रेल परिसरों में कूड़े के संरक्षित निपटान को सुनिश्चित करना और खपत कम करना।
- वृक्षारोपण ।

20. सतत व्यापार विकास

आईआरसीटीसी ने सतत व्यापार विकास सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित उपाय किए हैं :–

- बेस किचन और अल्पाहार गृहों में सौर ऊर्जा का प्रयोग।
- उपयोग की गई रेलनीर की बोतलों को इकट्ठा करना और उनका निपटान करना ताकि इनका दुरूपयोग न किया जा सके।

- भूजल स्तर को बनाए रखने के लिए रेलनीर संयंत्र में वर्षा जल संरक्षण।
- बौद्ध परिपथ विशेष गाड़ी तथा महाराजा एक्सप्रेस में पर्यावरण हितैषी सीडीटीएस शौचालय का संस्थापन
- रेल परिसरों में खतरों को कम करने के लिए तथा बिजली की खपत कम करने के लिए इन्डक्शन कुकिंग प्रणाली शुरू की गई है।
- बेकार पानी को संरक्षित तरीके से सौर गर्तों में डालना ताकि धरती के जलस्तर की भरपाई हो सके और पारिस्थितिकीय संतुलन बना रहे।
- भोज्य पदार्थो की पैकेजिंग और पेय पदार्थो को परोसने के लिए वातावरण हितैषी उत्पादों का प्रयोग।
- स्वास्थ्य संबंधी खतरों को कम करने के लिए भोजन एवं संरक्षा जांच।

21. लेखापरीक्षक

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, नई दिल्ली द्वारा मैसर्स भूषण बंसल जैन एसोसिएट्स चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट्स, नई दिल्ली को वर्ष 2010–11 के लिए कॉरपोरेशन का सांविधिक लेखा परीक्षक नियुक्त किया गया था।

22. निदेशक मंडल

इस समय, कॉरपोरेशन के बोर्ड में एक अंशकालिक अध्यक्ष, प्रबंध निदेशक, तीन कार्यकारी निदेशक, सरकार द्वारा मनोनीत दो सरकारी निदेशक और तीन अंशकालिक गैर–सरकारी निदेशक हैं।

बोर्ड ने कार्य करने के लिए वर्ष के दौरान 5 (पाँच) बैठकें की और निम्नलिखित निदेशकगण रिपोर्ट की तारीख तक पद पर बने रहे :

श्री विनय मित्तल, अध्यक्ष,
श्री राकेश कुमार टंडन, प्रबंध निदेशक,
श्री नलिन सिंघल, निदेशक (पर्यटन व विपणन),
श्री विनोद अस्थाना, निदेशक (खानपान सेवाएं),
श्री विश्व रंजन गुप्त, निदेशक (वित्त),
श्रीमती मनी आनंद, सरकारी निदेशक
श्री आर.एन.भारद्वाज, स्वतंत्र निदेशक
श्री आर.के. अग्रवाल, स्वतंत्र निदेशक

श्री विवेक सहाय द्वारा रेल मंत्रालय से अधिवर्षिता पर सेवानिवृत होने के बाद निगम के निदेशक का पद छोड़ने पर श्री विनय मित्तल, सदस्य यातायात, श्री विवेक सहाय के स्थान पर 26.07.2011 को अध्यक्ष के रूप में निगम के बोर्ड में सम्मिलित हुए। आईआरसीटीसी के अध्यक्ष के रूप में श्री विवेक सहाय द्वारा निगम को दिए गए बहुमूल्य योगदान के लिए बोर्ड उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता है।

श्री नरेश सलेचा, कार्यकारी निदेशक (सी) अंशकालिक सरकारी निदेशक दिनांक 01.012.2010 से कॉरपोरेशन के निदेशक नहीं हैं। श्री जगदीप एस. छोकर और श्री आलोक शिवपुरी, स्वतंत्र निदेशक, दिनांक 27.05.2011 से अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद अब निदेशक नहीं हैं। श्री नरेश सलेचा, श्री जगदीप एस. छोकर और श्री आलोक शिवपुरी द्वारा निदेशक बोर्ड से संबद्ध रहने के दौरान दिए गए उनके मार्गदर्शन एवं सेवाओं के लिए निदेशक मंडल कृतज्ञता ज्ञापित करता है।

23. लेखापरीक्षा समिति

कॉरपोरेशन द्वारा पहले निदेशक मंडल की एक लेखापरीक्षा समिति गठित की गई थी। निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति ने वर्ष के दौरान कार्य करने के लिए चार (4) बार बैठक की और लेखापरीक्षा समिति के निम्नलिखित सदस्य वर्ष 2010–2011 के दौरान पद पर बने रहे :–

श्री आर.एन.भारद्वाज, स्वतंत्र निदेशक
श्री आर.के.अग्रवाल, स्वतंत्र निदेशक
श्री आलोक शिवपुरी, स्वतंत्र निदेशक
श्री जगदीप एस. छोकर, स्वतंत्र निदेशक
श्री विनोद अस्थाना, निदेशक (खानपान सेवाएं)

श्री आर.एन.भारद्वाज, को लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया गया है।

24. आभार एवं सराहना :

निदेशक मंडल रेल मंत्रालय द्वारा दिए गए सभी प्रकार के मार्ग दर्शन एवं सहयोग के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त करता है क्योंकि रेल मंत्रालय के सक्रिय समर्थन के बिना आलोच्य अवधि के दौरान निगम ने जो उपलब्धियां हासिल की है, वे संभव नहीं थीं।

निदेशक मंडल अपने सम्माननीय ग्राहकों और लाइसेंसियों के प्रति भी कृतज्ञ है।

निदेशक मंडल भारत के नियंत्रक एवं महालेक्षापरीक्षक, सांविधिक लेखा परीक्षकों और आन्तरिक लेखापरीक्षकों से प्राप्त सृजनात्मक सुझावों के लिए उनका आभारी है।

अंत में, निदेशक मंडल सभी स्तर के अपने कर्मियों द्वारा कंपनी की निरंतर प्रगति एवं उत्कृष्टता के लिए किए गए अथक प्रयास और योगदान के लिए आभार व्यक्त करता है।

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

हस्ताः/–

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक :20, सितंबर, 2011

(विनय मित्तल)
अध्यक्ष

निदेशकों की रिपोर्ट का अनुबंध–1

प्रबंधन विचार विमर्श एवं विश्लेषण रिपोर्ट

(1). उद्योग का स्वरूप और विकास

आर्थिक परिदृश्य

आर्थिक परिदृश्य :– वैश्विक आर्थिक परिदृश्य चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। पिछले दो वर्ष की मंदी के दौर से निकालने के बाद अनेक विकसित देश अनिश्चितता के विभिन्न दौर से गुजर रहे है। अनेक सरकारें विशेश रूप से यूरोपीय देश की सरकारें सार्वजनिक ऋण के बोझ तले दबी हुई हैं। ऐसे समय में जबकि विश्व की अर्थव्यवस्था अभी भी पूर्व स्थिति में पहुचने के लिए संधर्षरत है, भारत शुरूआती झटकों से शीघ्र ही पार पाकर विश्व के समक्ष निवेश के लिए पुनः एक आकर्षक देश के रूप में उठ खड़ा हुआ है।

घरेलू वातवरण उन्नति के लिए प्रेरक है और निजी उपभोग का व्यय 7.5 प्रतिशत और सकल नियत पूंजी में 14.6 प्रतिशत बढ़ोत्तरी की संभावना है।

अग्रिम अनुमानों, अनुसार 2010–11 में सकल घरेलू उत्पाद स्थिर कीमतों पर घटक लागत के आधार पर 8.6 प्रतिशत था । यह वर्ष 2009–10 के 8.0 प्रतिशत की संशोधित वृद्धि में बढ़ोत्तरी की परिचायक है। ये अनुमानों केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अग्रिम अनुमानों के अनुसार हैं।

औद्योगिक नीति और संर्वद्धन विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों की संचयी राशि का प्रवाह अप्रैल 2000 से फरवरी, 2011 तक 193.7 बिलियन अमेरिकन डालर पर स्थिर रहा। यह भारतीय बाजार पर विदेशी निवेशकों के विश्वास का परिचायक है।

खानपान एवं पर्यटन क्षेत्र

खानपान एवं आतिथ्य उद्योग का परिदृश्यः

भारत में भोजन उद्योग उत्पादन खपत और वृद्धि के हिसाब से सबसे बड़े उद्योगों में से एक है। एक मूल्यांकन के मुताबिक 2015 तक भारतीय भोजन उद्योग वर्तमान 180 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर 258बिलियन अमरीकी डालर हो जाने की संभावना है।
मध्यम और उच्च वर्ग के ग्राहकों की संख्या, 2005 और 2015 के बीच बढ़कर 300 प्रतिशत से अधिक हो जाने की संभावना है और युवा वर्ग की जनसंख्या में 11 प्रतिशत वार्षिक की वृद्धि के अनुमान से सुविधाजनक यात्रा, साफ सफाई की व्यवस्था तथा स्वास्थ्यकर और भिन्न प्रकार के व्यंजनों की मांग बढ़ने की संभावना है।

गत 5 वर्षों के दौरान, खर्च करने योग्य आय में 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जिससे खाने पीने की मदों पर प्रतिव्यक्ति भोजन की खपत पर होने वाले खर्च में 20 प्रतिशत की वृद्धि हो गई परंतु यह अभी भी चीन और अमरीका आदि जैसे देशों की तुलना में कम है।

खानपान सेवाओं के व्यवसाय में बढोत्तरी की अपार संभावनाएं है, सामाजिक उत्सवों और समारोहो कॉरपोरेट संस्कृति और सामाजिक जीवन शैली के महत्व को ध्यान में रखते हुए, खानपान उद्योग अपनी स्थिति और लाभ कमाने की प्रकृति से और अधिक इजाफा कर सकती है।

खानपान सेवा प्रदाताओं को छोटे–बड़े सभी स्तरों पर सम्मान प्राप्त होता है। खानपान सेवा न केवल घरेलू व्यवसारियों के हितार्थ है, बल्कि यह सामाजिक कैटरर को भी बहुत अधिक मुनाफा कमाने का अवसर प्रदान करती है। यधपि यह भी स्पष्ट है कि केवल वही सेवा प्रदाता इस उद्योग में सफल हो सकता है जो इस व्यवसाय में निरंतर बढ़ती हुई मांग को पूर करने में समर्थ है।

रेस्तराँ उद्योग उस समय भी अच्छा लाभ कमा रहा था जब अन्य उद्योग मंदी के दौर में संघर्ष कर रहे थे। भारत का मध्यम और उच्च वर्ग अपने भोजन के आम बजट का 30 प्रतिशत रेस्तरां पर खर्च करता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि रेस्तरां, कैफे या अन्य प्रकार के खानपान के संस्थान किस प्रकार हर वर्ष लाभ कमा रहे हैं।

विकासशील देशों में भी खानपान सेवाएं अच्छा लाभ कमा रही हैं। भारत जैसे देश के लोग नई जीवनशैली अपना रहे हैं। जिसमें सामाजिक एवं सांस्कृतिक समारोहों के दौरान विभिन्न प्रकार के बेहतर भोज्य पदार्थो को बनाना शामिल है।

लोगों द्वारा नियमित रूप से रेस्तरां में जाकर खाने की आदत में भी वृद्धि हुई है। आगामी वर्षो में खानपान उद्योग के निरंतर बढ़ते रहने के प्रमुख कारक निम्नलिखित है।

- परिवारों की आय बढ़ने से खानपान के उद्योग के फलने–फूलने में मदद मिल रही है। विकासशील देशों के परिवारों की आय तेजी से बढ़ रही है अतः अधिक से अधिक लोग इस उद्योग की और इनकी सेवाओं की ओर आकर्षित हो रहे है।

- कॉरपोरेट संस्कृति में अनेक बैठकें, सम्मेलन, व्यावसायिक लंच और रात की पार्टिया होती रहती है। जो खानपान उद्योग पर बहुत अधिक निर्भर रहती हैं। यह न केवल विकसित देशों में होता है, बल्कि हाल ही में कॉरपोरेट संस्कृति अपनाने वाले देश भी इस उधोग को लोकप्रिय बना रहे हैं।

- जन्मदिन की पार्टी, विवाह, प्रीतिभोज और अन्य परिरवारिक कार्यक्रम भी बहुत अधिक खानपान सेवा प्रदाताओं पर निर्भर होते हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि बहुत अधिक संख्या में माताएं कार्य करने लगी हैं और वे रसोई में समय कम दे पाती हैं।

- अन्त में, आजकल लोगों में परिवार और मित्रों के साथ बाहर खाने का चलन बढ़ता जा रहा है। यह जीवन शैली विकासशील देशों के लिए नई है।

आतिथ्य सत्कार परिदृश्य

होटल उद्योग के लिए भारतीय उद्योग संघ द्वारा की गई समीक्षा के अुनसार इस क्षेत्र मे वृद्धि दर 10 प्रतिशत हैं। और नए होटलों के लिए स्वीकृत परियोजनाओं के अनुसार 2015 तक और 60,000 कमरों की आवश्यकता होगी। होटलों के लिए आवश्यकता की कोटि में बिजनेस और बजट होटल का क्षेत्र भारत में होटल आवास व्यापार के लिए तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र है। विश्व बैंक की टी एंड टी पर किए गए अध्ययन के अनुसार, यात्रा व्यापार के संदर्भ में भारत का स्थान 2015 तक पांचवा हो जाएगा जो चीन के नजदीक है।

चूँकि आईआरसीटीसी अखिल भारतीय स्तर पर व्यापक रूप से उचित मूल्य पर उच्च मानक और गुणवत्ता वाली खानपान और सुविधा प्रबंधन प्रदान करने वाली प्रमुख कंपनी है, अतः इसने अनेक राज्य पर्यटन बोर्ड और राज्य औद्योगिक निगमों जैसे–पंजाब, हरियाणा, छत्तीसगढ़,पश्चिम बंगाल, बिहार, तमिलनाडु, केरल, आदि से बजट होटल स्थापित करने के लिए स्थान उपलब्ध कराने के लिए संपर्क किया है। राज्य पर्यटन बोर्ड से उनकी वर्तमान संपत्तियों के अपग्रेडेशन परिचालन और रखरखाव करने के लिए भी संपर्क किया गया है। इन संपतियो में पर्यटन परिसर, पर्यटन लॉज और बजट होटल शामिल हैं।

पर्यटन उद्योग का परिदृश्य :–

रोजगार सृजन के संदर्भ में यात्रा और पर्यटन उद्योग बड़े उद्योगों में से एक है और एक आकलन के अनुसार यह विश्वस्तर पर कुल रोजगार का लगभग 8.6 प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराता है। भारत में, यात्रा और पर्यटन उद्योग सकल घरेलू उपाद का 5.9 प्रतिशत है और 9.2 प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराने के कारण यह देश के प्रमुख रोजगार स्रोतों में से एक है। एक आकलन के अनुसार यात्रा एवं पर्यटन के क्षेत्र में अगले 10 वर्शो में भारत के लिए अपेक्षित 120 मिलियम नौकरियों मे से 37 मिलियन नौकरियां यही क्षेत्र उपलब्ध करा सकेगा। अद्यतन आकलनों से स्पष्ट होता है कि 750 मिलियन घरेलू पर्यटक फेरे लगाए गए (जो सी ए जी आर के 13 प्रतिशत अधिक हैं जबकि अन्तराष्ट्रीय पर्यटक 5 मिलियन से कुछ अधिक थे जो सीएजीआर का लगभग 6.5 प्रतिशत है। हाल के वर्षो में जहां एक ओर भारत में आने वालों पर्यटकों की संख्या में गिरावट आई है वहीं दूसरी ओर घरेलू पर्यटकों की संख्या में लगातार इजाफा हुआ है। इससे विकट विषम आर्थिक स्थितियों में भी इस क्षेत्र का समुत्थान स्पष्ट होता है।

अवसरंचना एवं प्रशिक्षित श्रमशक्ति का अभाव भारत को इस क्षेत्र में अपनी वास्तविक स्थिति को प्राप्त करने से वंचित कर रहा है। जिससे भारत इस क्षेत्र में अपना उचित स्थान बना पाने में कठिनाई का सामना कर रहा है।

भारतीय रेल पर्यटन के क्षेत्र में सुविधा और यात्रा का सस्ता साधन उपलब्ध कराने में प्रमुख भूमिका अदा करती है तथा इसके अपने क्षेत्राधिकार में अनेक पर्यटन स्थल हैं।

बढ़ती मांग की ऐसी पृष्ठभूमि और सीमित संसाधनों के कारण इस क्षेत्र में सक्रिय आईआरसीटीसी जैसे संगठन के लिए एक अच्छा अवसर प्रदान करता है।

एसडब्ल्यूओटी विश्लेषण :–

शक्तियां

परिचालनिक

1. अखिल भारतीय उपस्थिति
2. एकल खिड़की पर सभी अतिथि सत्कार सेवाओं का खानपान समाधान उपलब्ध कराने वाली एकमात्र सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी
3. भारतीय रेल का समर्थन
4. पेशेवर कर्मचारियों का आधार
5. एशिया – पैसिफिक में सबसे बड़ा ई–कॉमर्स प्रदाता

विपणन

1. प्रसिद्ध ब्रांड नाम
2. 18 मिलियन से अधिक ग्राहकों का डाटाबेस
3. बड़ा एजेन्ट नेटवर्क

कमजोरी

1. राजस्व लगभग पूरी तरह रेलवे पर आश्रित
2. लाभ एक क्षेत्र पर आश्रित
3. वरिष्ठ प्रबंधन के स्तर पर पेशेवरों को आकर्शित करने में असमर्थ

अवसर

1. अतिथि सत्कार में उच्च वृद्धि पर
2. ऑनलाइन ट्रैवेल में वृद्धि
3. आईटी और ई–गवर्नेंस
4. खानपान पर जनशक्ति और ब्रांड का लाभ उठाना

चिंतावाले क्षेत्र

1. रेलवे नीति में बार–बार परिवर्तन
2. वाणिज्यिक पोर्टल की स्थापना
3. प्रबल असंगठित क्षेत्र

(2). क्षेत्र–वार निष्पादन

आईआरसीटीसी दो क्षेत्रों, अर्थात् खानपान और पर्यटन, में काम करता है खानपान क्षेत्र तीन हिस्सों में बंटा हुआ है अर्थात् चल खानपान, स्थैतिक खानपान जो आगे फिर लाइसेंसी खानपान और विभागीय खानपान में उपविभाजित है तथा रेलनीर जो कि पीने का पैकेज्ड पानी है।

वर्ष 2010–11 के दौरान लाइसेन्स खानपान व्यवसाय में पिछले वर्ष 2009–10 के 367.91 करोड़ की तुलना में 312.23 की आय दर्ज की गई। इस क्षेत्र का प्राप्त किया गया परिणाम 78.74 करोड़ रू. रहा जबकि वर्ष 2009–10 के दौरान यह 64.26 करोड़ रू. था। इस क्षेत्र में कमी का कारण लाइसेन्स खानपान व्यवसाय रेलवे को सौंपना था, क्योकि खानपान नीति 2010 को कार्यन्वित किया जाना था।

विभागीय खानपान व्यवसाय ने वर्ष के दौरान 198.58 करोड़ रू. की आय दर्ज की जबकि, वर्ष 2009–10 के दौरान 147.06 करोड़ रू. की आय दर्ज की गई थी। खाद्य–उत्पादों की दरों में बढ़ोत्तरी और बिक्री मूल्य में बिना वृद्धि के वर्ष 2010–11 के दौरान विभागीय खानपान का घाटा 74.74 करोड़ रूपए से कम होकर 55. 47 करोड़ रूपए कम रहा। इसे अधिक बिक्री और श्रम शक्ति पर कम लागत और कच्चे माल की खपत पर नियंत्रण रखकर पाया जा सका।

वर्ष 2010–11 के दौरान, रेलनीर व्यवसाय में 23.96 करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई जबकि वर्ष 2009–10 के दौरान 22.43 करोड़ रू. प्राप्त किए गए थे। इसमें विभागीय खानपान के जरिए बेचे गए 19.36 करोड़ रू. की राशि जो पिछले वर्ष 13.75 करोड़ रू. थी, शामिल नही है। वर्ष के दौरान प्राप्त किया गया लाभ 2.73 करोड़ रू. था जबकि पिछले वर्ष यह 8.89 करोड़ रू. था इस क्षेत्र में कमी आने का मुख्य कारण उच्चतर प्रीफार्म कीमत (मुख्य कच्चा पदार्थ) है जो सीधे पेट्रोलियम की कीमतों से संबंधित है।

वर्ष 2010–11 के दौरान पर्यटन व्यवसाय से होने वाली आय 67.04 करोड़ रुपए रही जबकि वर्ष 2009–10 के दौरान यह 44.73 करोड़ रुपए थी यह इस क्षेत्र में 50 प्रतिशत वृद्धि का परिचायक है। इस क्षेत्र में होने वाली हानि 6.22 करोड़ रुपए की थी जबकि गतवर्ष यह 2.81 करोड़ रुपए थी ऐसा मुख्यतः इस कारण हुआ कि रूपए 2.50 करोड़ का प्रावधान संयुक्त उपक्रम की कंपनी में निवेश के लिए किया गया था।

वर्ष 2010–11 के दौरान इंटरनेट टिकटिंग के व्यवसाय से 142.92 करोड़ रुपए की आय हुई जबकि वर्ष 2009–10 के दौरान 122.89 करोड़ रुपए आय हुई थी। इस क्षेत्र में वर्ष में 94.14 करोड़ रूपए का लाभ हुआ जबकि पिछले वर्श में यह 83.76 करोड़ रूपए था। इंटरनेट टिकटिंग में उल्लेखनीय वृद्धि अच्छे विपणन प्रयासों, अपग्रेडिड बुनियादी ढांचे और सुघरे हुए ग्राहकोन्मुखी प्रयासों के कारण हुई।

(3). वर्तमान परिदृश्य

इस रिपोर्ट में उठाए गए मुद्दों के मद्देनजर कंपनी को पुनस्थापित करने की आवश्यकता है भविष्य में कार्य निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए इसे रेलवे से बाहर अवसर तलाशने होंगे और उसका लाभ उठाना होगा। उसे रेलवे से संबंधित क्षेत्रों पर उत्कृष्ट सेवा प्रदान करके उससे और अधिक समर्थन प्राप्त करना होगा।

(4). जोखिम और चिन्ताएं

खानपान :

हाल ही में, 21 जुलाई, 2010 को रेल मंत्रालय ने खानपान नीति 2010 जारी की हैं। खानपान नीति के कारण उत्पन्न चुनौती को फूडकोर्ट, फूडप्लाजाओं और फास्टफूड यूनिटों के जरिए खानपान व्यवसाय को सुचारू और बढ़ाने के लिए नई रणनीतियां बनानी होंगी।

इंटरनेट टिकटिंगः

भारतीय रेल का वाणिज्यिक पोर्टल 08.07.2011 को शुरू किया गया। इस पोर्टल में रेल–ईटिकट बुक करने की सुविधा है जो आईआरसीटीसी की वेबसाइट के समान है। वाणिज्यिक पोर्टल का परिचालन 22. 07.2011 को भुगतान निपटान प्रणाली में समस्या के कारण रोक दिया गया। आईआइसीटीसी की वेबसाइट अच्छी तरह कार्य कर रही है। और 01.08.2011 को एक ही दिन में 4.39 लाख की उच्चतम बुकिंग की गई।

(5). आंतरिक नियंत्रण प्रणाली एवं उनकी पर्याप्तता

कम्पनी ने प्रबंधन की नीतियों का अनुसरण करने, परिसम्पतियों की सुरक्षा, धोखा–धड़ी और गलतियों से बचने और उनका पता लगाने, लेखा रिकार्ड की सत्यता और पूर्णता और समय पर विश्वसनीय वितीय सूचना तैयार करने सहित अपने कारोबार को व्यवस्थित और कुशल तरीके से चलाने के लिए अपने आंतरिक नियंत्रण प्रणाली के एक अंग में विभिन्न नीतियां और प्रक्रियाएं तैयार की हैं।

कम्पनी ने आंतरिक लेखा परीक्षा का कार्य एक बाहरी व्यावसायिक फर्म मैसर्स के.जी. सोमानी एण्ड कम्पनी, चार्टर्ड एकाउटेंट्स, नई दिल्ली को सौंपा है। आंतरिक लेखा परीक्षा में वार्षिक आंतरिक लेखा परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार आईआरसीटीसी के परिचालन के सभी क्षेत्रों को शामिल किया गया है। इससे आंतरिक नियंत्रणों, भुगतान और खर्च की छानबीन करके और कम्पनी के वितीय और तकनीकी रिकार्ड की जांच की समीक्षा करके कम्पनी के कारोबार और परिचालन की सत्यता और कुशलता को सुधारने में मदद मिलती हैं।

सत्यनिष्ठा समझौता

कार्यों के प्रापण और सेवाओं आदि में सत्यनिष्ठा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनाई गई प्रक्रियाओं को अपना कर आईआरसीटीसी केन्द्रीय सतर्कता आयोग की सिफारिशों के अनुरूप सत्यनिष्ठा समझौता कार्यक्रम को लागू कर रहा हैं। स्वतंत्र बाह्य मॉनीटर को लगाने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। आईआरसीटीसी द्वारा सत्यनिष्ठा समझौते को अपनाने से स्वस्थ व्यावसायिक पद्धतियों को स्थापित करने के लिए दूरगामी परिणाम होंगे।

(6). परिचालनिक कार्यनिष्पादन के संबंध में वित्तीय निष्पादन पर विचार–विमर्श

वर्ष 2010–11 के दौरान कॉरपोरेशन ने कुल 764.93 करोड़ रू. की आय प्राप्त की जबकि पिछले वर्ष 721.97 करोड़ रू. की आय हुई थी। इस प्रकार इस मद में 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गईं। यदि लाइसेन्स खानपान से आय पर जो कि 2009–10 के 367.91 करोड़ रू से कम होकर वर्ष 2010–11 में 312.23 करोड़ रू. रह गई है, जो कि खानपान नीति 2010 के अनुसार रेलवे को स्थानांतरण के कारण हुआ है, पर विचार किया जाता तो यह वृद्धि और अधिक होती। 2010–11 के दौरान व्यापार के प्रत्येक क्षेत्र में महत्वपूर्ण वृद्धि प्राप्त की गई है।

वर्ष के दौरान कर पूर्व लाभ 129.79 करोड़ था जबकि पिछले वर्ष 94.76 करोड़ रू. का लाभ हुआ था। इससे लगभग 37 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज हुई है। यह बढ़े हुए राजस्व और व्यय में नियंत्रण के कारण हुआ है। तथापि, 2010–11 में उच्चतर आयकर प्रावधान के कारण शुद्ध लाभ वर्ष 2009–10 के 63.05 करोड़ से घटकर 2010–11 में 60.79 करोड़ रहा। नयी खानपान नीति 2010 की घोषणा तक 20.07.2010 तक ढुलाई प्रभार के रूप में 9.12 करोड़ रू. का प्रावधान किया गया है।

वर्ष के दौरान रेल मंत्रालय ने नई खानपान नीति 2010 को कार्यान्वित किया और लाईसेन्स द्वारा परिचालित चल और स्थिर खानपान कार्यकलापों को अपने हाथ में ले लिया।

रेल मंत्रालय के साथ वर्ष 2010–11 के लिए समझौता ज्ञापन

वित्तीय समझौता ज्ञापन के लक्ष्यों के साथ वास्तविक आंकड़ों की तुलना नीचे दर्शाई गई है:–

समझौता ज्ञापन आधार	समझौता ज्ञापन 2010–11	वास्तविक आंकड़े 2010–11
सकल मार्जिन / सकल ब्लॉक (प्रतिशत)	49.7 प्रतिशत	106.7 प्रतिशत
शुद्ध लाभ / शुद्ध मूल्य (प्रतिशत)	28.7 प्रतिशत	28.7 प्रतिशत
सकल लाभ / नियोजित पूंजी (प्रतिशत)	44.2 प्रतिशत	66.7 प्रतिशत
सकल मार्जिन (करोड़ रूपयों में)	102	144.24
सकल बिक्री (करोड़ रूपयों में)	715	741.24
पीबीडीआईटी / कुल नियोजन (प्रति व्यक्ति लाखरूपयों में)	3.08	7.46
संवर्धित मूल्य / सकल बिक्री (प्रतिशत)	12.1 प्रतिशत	16.8 प्रतिशत

(7). मानव संसाधन में वास्तविक विकास नियोजित व्यक्तियों की संख्या सहित औद्योगिक संबंधः–

इस संबंध में आई आर सी टी सी ने निम्नलिखित उपाय किए हैंः–

वर्ष 2010–2011 के दौरान कामकाज को व्यावसायिक बनाने और सुचारू बनाने के लिए वर्ष के दौरान 23 कार्यपालकों, 45 पर्यवेक्षकों और 161 कर्मकारों को आईआरसीटीसी में विज्ञापन द्वारा बाहर से तथा कैंपस भर्ती के जरिए नियुक्तियां दी गई।

कार्पोरेशन ने कर्मचारियों के लिए कस्टमर केअर सेंटर दिल्ली में और प्रतिश्ठित क्षेत्रीय और सरकारी संस्थानों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों की व्यवस्था की।

वित्त वर्ष की समाप्ति अर्थात 31 मार्च, 2011को कुल जनशक्ति 1934 थी जिसमें 456 कार्यपालक और 1478 गैर कार्यपालक थे।

वर्ष के दौरान सौहार्दपूर्ण औद्योगिक संबंध बनाए रखे गए।

(8) पर्यावरण बचाव एवं संरक्षण, टेक्नॉलॉजीकल संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा का विकास, विदेशी मुद्रा संरक्षण।

आईआरसीटीसी निम्नलिखित उपाय अपनाए हैं :

- बेस किचन और अल्पाहार कक्षों में सौर ऊर्जा का उपयोग।
- बेकार पानी को संरक्षित तरीके से सौर गर्तों में डालना ताकि धरती के जलस्तर की भरपाई हो सके और पारिस्थितिकीय संतुलन बना रहे।
- कूड़े कचरे को फैलने से बचाना और रेल परिसर में कूड़े का संरक्षित निपटान सुनिश्चित करना।

(9). कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी

कंपनी द्वारा कारपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति की गई पहल का विवरण निदेशकों की रिपोर्ट में दिया गया है।

सतत व्यवसाय विकास

आईआरसीटीसी द्वारा सतत व्यवसाय विकास को सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख निदेशकों की रिपोर्ट में किया गया है।

चेतावनीपरक कथन :

प्रबंधन विचार–विमर्श और विश्लेषण और निदेशक की रिपोर्ट जिसमें कंपनी के उद्देश्य, प्रक्षेपण और अनुमानों का वर्णन है, एक दूरदर्शी एवं प्रगतिपरक कथन है और यह लागू कानूनों और विनयमों के अंतर्गत एक प्रगतिशील कथन है। वास्तविक आंकड़े बताये गए या अनुमानित से भिन्न हो सकते हैं जो आर्थिक नीतियों, सरकारी नीतियों, और अन्य आनुषांगिक कारकों पर निर्भर कर सकते हैं पाठकों को आगाह किया जाता है कि वे अग्रगामी कथनों पर आवश्यकता से अधिक निर्भर न करें।

निदेशकों की रिपोर्ट के लिए अनुबंध-II

फार्म 'क'

ऊर्जा संरक्षण के संबंध में विवरण का प्रकटन

क. विद्युत और ईंधन खपत :

विवरण	2010-11	2009-2010
1. बिजली		
(क) खरीदी गई :		
यूनिटें ('000 केडब्ल्यूएच)	3200.37	2678.18
कुल राशि (लाख रु.)	148.38	139.89
दर/यूनिट (रु.)	4.63	5.22
(ख) निजी उत्पादन :		
डीजल जनरेटर के माध्यम से –		
यूनिटें ('000 केडब्ल्यूएच)	73.92	144.00
डीजल तेल की प्रति लीटर यूनिटें	2.70	3.12
लागत/यूनिट (रु.)	14.69	15.58
2. कोयला	शून्य	शून्य
3. फर्नेस ऑयल	शून्य	शून्य
4. नेचुरल गैस	शून्य	शून्य

ख. उत्पादन की प्रति यूनिट खपत :

विवरण	बिजली (केडब्ल्यूएच/प्रति		फर्नेस ऑयल		नेचुरल गैस		कोयला	
	10-11	09-10	10-11	09-10	10-11	09-10	10-11	09-10
रेलनीर–पैक किया गया पीने का पानी	0.05	0.05	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

फॉर्म ख

प्रौद्योगिकी समाहरण के संबंध में विवरण का प्रकटीकरणः

अनुसंधान और विकास

1. **विशिष्ट क्षेत्र जिसमें अनुसंधान और विकास कंपनी द्वारा किया जाता है :**

   शून्य

2. **उपर्युक्त अनुसंधान और विकास के परिणामस्वरूप लाभ प्राप्त किया :**

   लागू नहीं

3. **भविष्य की कार्य योजना :**

   रेलनीर बोतल में पैकेजिंग की कीमत कम करने के लिए ''प्रीफार्म'' की फिर से डिजायनिंग की जाएगी ताकि वजन कम किया जा सके। एक संभावना 29/25 शार्ट हाइट नेक उपयोग करने की संभावना है, जो इस समय ''किनले'' ब्रांड के साथ कार्यन्वित की जानी है। वर्तमान में, 30/25, थ्री स्टार्ट नेक का प्रयोग किया जाता है। और इसका वजन 22 ग्राम है।

4. **वर्ष के दौरान अनुसंधान और विकास पर व्यय निम्नलिखितानुसार है :** (लाख रु. में)

क्र.सं.	**विवरण**	**2010-11**	**2009-10**
क.	पूंजी	शून्य	3.70
ख.	आवर्ती	शून्य	शून्य
	जोड़	शून्य	3.70
	कुल कारोबार की प्रतिशतता (%) के रूप में अनुसंधान और विकास खर्च का जोड़	लागू नहीं	लागू नहीं

5. **प्रौद्योगिकी का समावेशन, अनुकूलन और परिवर्तन :**
   आयातित प्रौद्योगिकी :

प्रौद्योगिकी	आयात का वर्ष	समाहन की स्थिति
	शून्य	

6. **विदेशी मुद्रा का अर्जन और व्यय :** **(**लाख रु. में**)**

विवरण	**2010-11**	**2009-2010**
विदेशी मुद्रा का अर्जन	1327.47	1347.61
विदेशी मुद्रा का व्ययः		
विदेशी यात्रा पर व्यय	25.22	29.40

निदेशकों की रिपोर्ट के लिए अनुबंध–III

निगम की अभिशासन रिपोर्ट

1. कंपनी का दर्शन

कॉरपोरेट अभिशासन के संबंध में कंपनी का उद्देश्य पारदर्शिता, प्रकटन और रिपोर्टिंग सुनिश्चित करके अंत में शेयरधारकों के मूल्य को बढ़ाना है, जिससे न केवल सांविधिक विनियमों का अनुपालन करना है, बल्कि संपूर्ण संगठन के नैतिक आचरण को भी बढ़ाना है। आईआरसीटीसी का मानना है कि अच्छे शासन मं प्रबंधन के पास ट्रस्टीशिप, सशक्तीकरण और जवाब देही की भावना के साथ–साथ सरकारी नीतियों के प्रति सकारात्मक और पहल कदमी वाला रूख होना चाहिए।

प्रबंधन विचार विमर्श और विश्लेशण रिपोर्ट निदेशकों की रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

कंपनी ने कॉरपोरेट संचालन, प्रकटन अपेक्षाओं की शर्तों का पालन किया है जो नीचे दर्शाई गई हैं।

2. बोर्ड की संरचना

31 मार्च, 2011 को निदेशक बोर्ड में एक अंशकालिक अध्यक्ष, एक प्रबंध निदेशक, तीन कार्यरत निदेशक और एक सरकार द्वारा मनोनीत सरकारी निदेशक तथा चार अंशकालिक स्वतंत्र गैर–सरकारी निदेशक हैं।

कंपनी के संगम अनुच्छेद के अनुसार हमारे बोर्ड की शक्ति चार निदेशकों से कम अथवा 12 निदेशकों से अधिक नहीं होगी। निदेशक चाहे पूर्ण कालिक हों अथवा अंशकालिक।

कारपोरेशन में निदेशक की नियुक्ति संगम अनुच्छेद के अनुसार भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

श्री नरेश सलेचा, कार्यकारी निदेशक (वित्त) इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर से अंशकालिक निदेशक के पद से 01.12.2010 के बाद से नहीं हैं।

श्री विनय मित्तल, सदस्य यातायात, रेल मंत्रालय, रेलवे बोर्ड श्री विवेक सहाय के स्थान पर जो अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष पद से मुक्त हो गए, 26.07.2011 को कॉरपोरेशन के अध्यक्ष बने। श्री विवेक सहाय 01.07.2011 से कॉरपोरेशन के अध्यक्ष के पद से मुक्त हो गए।

श्री जगदीश एस छोकर और श्री आलोक शिवपुरी अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद दिनांक 28.05.2011 से बोर्ड ऑफ डायरेक्टर से स्वतंत्र निदेशक के पद पर नहीं हैं।

निदेशकों की आयु एवं कार्य अवधि :

प्रबंध निदेशक एवं कार्यकारी प्रबंध निदेशकों की आयु सीमा 60 वर्ष है :

प्रबंध निदेशक और कार्यकारी निदेशकों की नियुक्ति कार्यभार संभालने की तारीख से 5 वर्ष अथवा अधिवर्षिता की आयु तक अथवा भारत सरकार द्वारा अगले आदेशों तक जो भी पहले हो, तक की जाती है।

स्वतंत्र निदेशकों को भारत सरकार द्वारा आमतौर पर तीन वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जाता है।

31 मार्च, 2011 को वर्तमान स्थिति के अनुसार निदेशकों की कार्यावधि निम्नलिखित है :

निदेशकों का विवरण		नाम	बोर्ड में शामिल होने की तारीक	अंतिम अधिवर्षिता की आयु/कार्य अवधि के पूरा होने की तारीख
कोटि	पदनाम			
पूर्णकालिक निदेशक	प्रबंध निदेशक	राकेश कुमार टंडन	05.01.2009	04.01.2014
	निदेशक (प.एवं वि.)	डॉ. नलिन सिंघल	02.01.2007	01.01.2012
	निदेशक (खा.से.)	श्री विनोद अस्थाना	26.06.2007	25.06.2012
	निदेशक (वित्त)	श्री विश्व रंजन गुप्त	06.09.2008	05.09.2013
सरकारी नामित	अध्यक्ष एवं सदस्य यातायात, रेलवे बोर्ड	श्री विवेक सहाय	14.01.2010	30.06.2011* (अधिवर्षिता
	निदेशक	श्री नरेश सलेचा	04.10.2006	01.12.2010 से कार्यभार छोड़ दिया
	निदेशक	श्रीमती मनी आनंद	14.05.2010	जब तक राष्ट्रपति चाहें
अंशकालिक गैर–सरकारी सदस्य	स्वतंत्र निदेशक	श्री जगदीप सिंह छोकर	28.05.2008	28.05.2011से कार्यभार छोड़ दिया
	स्वतंत्र निदेशक	श्री आलोक शिवपुरी	28.05.2008	28.05.2011से कार्यभार छोड़ दिया
	स्वतंत्र निदेशक	श्री आर.एन.भारद्वाज	22.01.2009	21.01.2012
	स्वतंत्र निदेशक	श्री आर.के.अग्रवाल	22.01.2009	21.01.2012

*श्री विनय मित्तल, अध्यक्ष एवं सदस्य यातायात, रेलवे बोर्ड ने 26.07.2011 से अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।

3. बोर्ड की बैठकें और उनमें उपस्थिति :

बोर्ड की बैठकें आम तौर पर कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में होती हैं बैठकों की तारीख का निर्णय काफी समय रहते ले लिया जाता है और सूचना बोर्ड का विस्तृत कार्यवृत्त और बोर्ड के लिए अन्य व्याख्यात्मक नोट निदेशकों के बीच परिपत्रित किए जाते हैं। बोर्ड के सदस्यों की कॉरपोरेशन की सभी सूचनाओं तक पहुंच होती है:

निदेशकों द्वारा बोर्ड की बैठकों और पिछली वार्षिक आम बैठक में उपस्थिति का ब्यौरा

क्र.सं.	निदेशकों की कोटि	निदेशक का नाम	बोर्ड बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित रहे	पिछली वार्षिक आम बैठक में उपस्थिति
(I) अंशकालिक गैर–कार्यपालक अध्यक्ष				
1.	सदस्य यातायात, रेलवे बोर्ड	श्री विवेक सहाय	5	जी हां
(II) कॉरपोरेशन के कार्यरत निदेशक				
2.	प्रबंध निदेशक	श्री राकेश कुमार टंडन	5	जी हां
3.	निदेशक	डॉ नलिन सिंघल	5	जी हां
4.	निदेशक	श्री विनोद अस्थाना	5	जी हां
5.	निदेशक (वित्त)	श्री विश्व रंजन गुप्त	5	जी हां
(III) रेल मंत्रालय द्वारा मनोनीत सरकारी निदेशक				
6.	निदेशक	श्री नरेश सलेचा	2	जी हां
7.	निदेशक	श्रीमती मनी आनंद	4	जी हां
(IV) स्वतंत्र अंशकालिक गैर–सरकारी निदेशक				
8.	निदेशक	श्री जगदीप सिह छोकर	3	जी हां
9.	निदेशक	श्री आलोक शिवपुरी	5	जी नहीं
10.	निदेशक	श्री आर.एन.भारद्वाज	3	जी नहीं
11.	निदेशक	श्री आर.के.अग्रवाल	5	जी नहीं

टिप्पणियां :

1. 'अंशकालिक सरकारी' पद सरकार (रेल मंत्रालय) द्वारा आईआरसीटीसी के बोर्ड के उन मनोनीत निदेशकों को सूचित करता है जो रेल मंत्रालय के पदाधिकारी हैं।
2. 'अंशकालिक गैर–सरकारी' पद उन निदेशकों को सूचित करता है जो स्वतंत्र हैं और सरकार में कोई पद धारण नहीं करते हैं।

वित्तीय वर्ष 2010–11 के दौरान, निदेशक बोर्ड जून, 2010, दिसंबर, 2010 और मार्च, 2011 को समाप्त प्रत्येक तिमाही में एक बैठक करके कार्यसम्पादन करने के लिए 5 बैठकें की। सितंबर, 2010 की तिमाही में दो बैठकें की निदेशक बोर्ड की एक बैठक कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की गई और 4 बैठकें रेल भवन नई दिल्ली में की गईं। निदेशक की अनुपस्थिति के सभी मामलों में, अनुपस्थिति की छुट्टी कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 283 की उपधारा (1) के खण्ड (छ) के अंतर्गत मंजूर की गई। आईआरसीटीसी के बोर्ड की बैठक की तारीखों का ब्यौरा नीचे दिया गया है :

क्र.सं.	बोर्ड बैठक	बैठक की तारीख
1.	46वीं	10 मई, 2010
2.	47वीं	6 अगस्त, 2010
3.	48वीं	7 सितंबर, 2010
4.	49वीं	3 दिसंबर, 2010
5.	50वीं	24 जनवरी, 2011

वित्त वर्ष 2010–2011 के दौरान कंपनी के बोर्ड के निदेशकों का विवरण निम्नलिखित हैः–

निदेशक की हैसियत में और सभी कमेटियों में सदस्यों/अध्यक्ष की हैसियत का विवरण

नाम	कोटि	अन्य जगहों पर निदेशक	समिति की सदस्यता	समितियों के अध्यक्ष
श्री विवेक सहाय *	अंशकालिक अध्यक्ष	3	शून्य	शून्य
श्री राकेश कुमार टंडन	प्रबंध निदेशक (पूर्ण कालिक निदेशक)	1	शून्य	शून्य
डॉ. नलिन सिंघल	निदेशक (प.एवं वि.) (पूर्ण कालिक निदेशक)	1	1	शून्य
श्री विनोद अस्थाना	निदेशक (खा.से.) (पूर्ण कालिक निदेशक)	शून्य	1	शून्य
श्री विश्व रंजन गुप्त	निदेशक (वित्त) (पूर्ण कालिक निदेशक)	शून्य	शून्य	शून्य
श्री नरेश सलेचा**	अंशकालिक सरकारी निदेशक (सरकारी नामिती)	1	2	शून्य
श्री सुनील माथुर***	अंशकालिक सरकारी निदेशक (सरकारी नामिती)	शून्य	शून्य	शून्य

श्रीमती मनी आनंद	अंशकालिक सरकारी निदेशक (सरकारी नामिती)	शून्य	शून्य	शून्य
श्री जगदीप सिह छोकर****	अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक (स्वतंत्र निदेशक)	शून्य	1	शून्य
श्री आलोक शिवपुरी****	अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक (स्वतंत्र निदेशक)	शून्य	1	शून्य
श्री आर.एन.भारद्वाज *****	अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक (स्वतंत्र निदेशक)	10	8	4
श्री आर.के.अग्रवाल	अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक (स्वतंत्र निदेशक)	1	1	शून्य

*अंशकालिक अध्यक्ष का पद 01.07..2011 को छोड़ दिया।
** अंशकालिक सरकारी निदेशक का पद 01.12..2010 को छोड़ दिया।
*** अंशकालिक सरकारी निदेशक का पद 14.05..2010 को छोड़ दिया।
**** स्वतंत्र निदेशक का पद 28.05..2011 को छोड़ दिया।
***** प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में निदेशक का पद शामिल नहीं किया गया है।

4. लेखापरीक्षा समिति

आईआरसीटीसी दृढ़तापूर्वक विश्वास करती है कि नैतिकता किसी कारोबार का नींव का पत्थर है और लम्बी अवधि के कॉरपोरेट लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए तथा मूल्य वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस दृश्टि से, कंपनी के पास निदेशक बोर्ड की ऐसी योग्य एवं स्वतंत्र लेखापरीक्षा समिति है जिसमें वित्त तथा प्रबंधन के क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त सभी गैर–कार्यपालक स्वतंत्र निदेशक शामिल हैं। समिति ने कुशलतापूर्वक कार्यनिष्पादन करने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया।

रिपोर्ट की तारीख को लेखापरीक्षा समिति के निम्नलिखित सदस्य हैं :–

(i) श्री विनोद अस्थाना, निदेशक, (खानपान सेवाएं)

(ii) श्री आर.एन.भारद्वाज, निदेशक

(iii) श्री आर.के.अग्रवाल, निदेशक

श्री आर.एन. भारद्वाज समिति के अध्यक्ष हैं।

श्री नीरज कुमार अग्रवाल कंपनी सचिव समिति के सचिव हैं।

समिति लोक उद्यम विभाग द्वारा निर्धारित कॉरपोरेट शासन के दिशा–निर्देशों और कंपनी अधिनियमों के अधीन संदर्भ की शर्तों के अनुसार कार्य करती है। समिति का कार्यक्षेत्र निम्नलिखित है :–

- कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया का निरीक्षण करना और बोर्ड को सिफारिश करना ;

- आंतरिक लेखापरीक्षक की नियुक्ति;
- बोर्ड को अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करने से पहले छमाही और वार्षिक वित्तीय विवरणों पर विचार करना;
- लेखाकरण नीतियों और पद्धतियों में उनके कारणों सहित परिवर्तनों पर विचार करना;
- ड्राफ्ट लेखापरीक्षा रिपोर्ट आदि में शर्तों के बारे में विचार–विमर्श करना;
- आंतरिक नियंत्रण प्रक्रियाओं की पर्याप्तता के बारे में समीक्षा करना;

समिति ने वित्तीय वर्ष 2010–2011 के दौरान 05.07.2010, 06.09.2010,03.12.2010 और 26.03.2011 को चार बार बैठकें की : समिति के सदस्यों की उपस्थिति नीचे दी गई है:–

सदस्य	पद	आयोजित बैठकें	बैठकों में उपस्थिति
श्री आर.एन.भारद्वाज	अध्यक्ष	4	4
श्री विनोद अस्थाना	सदस्य	4	4
श्री जगदीप एस. छोकर	सदस्य	4	4
श्री आलोक शिवपुरी	सदस्य	4	4
श्री आर.के.अग्रवाल	सदस्य	4	4

5 निदेशकों का पारिश्रमिक

आईआरसीटीसी, कंपनी अधिनियम के अधीन सरकार की पूर्णतः स्वामित्व वाली कंपनी होने पर, कंपनी के कार्यरत निदेशक रेल मंत्रालय के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किए जाते हैं। इस प्रकार नियुक्त कार्यरत निदेशक वेतनमान के औद्योगिक महंगाई भत्ता (आईडीए) पैटर्न के अंतर्गत और समय–समय पर भारत सरकार द्वारा जारी निबंधन एवं शर्तों के अनुसार पारिश्रमिक प्राप्त करते हैं।

वर्ष 2010–11 दौरान निगम ने अपने पूर्णकालिक निदेशकों को निम्नानुसार भुगतान किया है:–

(लाख रुप्ए में)

विवरण	31.03.2011 को समाप्त वर्ष	31.03.2010 को समाप्त वर्ष
वेतन, भत्ते और परिलब्धियां	99.99	79.21
उपदान	2.26	2.19
अवकाश वेतन	3.44	3.34
रेलवे को दिया गया इतर सेवा अंश	2.82	2.82
कुल	**108.51**	**87.56**

कंपनी के अंशकालिक सरकारी (सरकार द्वारा मनोनीत) बोर्ड निदेशक कंपनी से कोई पारिश्रमिक प्राप्त नहीं करते हैं।

अशंकालिक गैर–सरकारी (स्वतंत्र) कंपनी के बोर्ड निदेशकों को प्रत्येक बैठक में उपस्थित होने पर 10,000/–रु. प्रति बैठक का भुगतान किया गया।

6. प्रकटन

i. सामान्यतः कंपनी के साथ संभावित लाभ रखने वाला कोई आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण पार्टी से संबंधित लेनदेन नहीं हुआ है।

ii. पिछले तीन वर्षों के दौरान, लागू कानूनों के अंतर्गत पालन न होने के कारण किसी सांविधिक प्राधिकारी द्वारा कंपनी पर कोई पैनल्टी नहीं लगाई गई है।

iii. कंपनी ने लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी कॉरपोरेट शासन पर दिशा–निर्देशों का अनुपालन करने के लिए पूरी तरह से पहल की है। दिशा–निर्देशों के अनुसार, आईआरसीटीसी ने अपने बोर्ड सदस्यों और वरिश्ठ प्रबंधन कार्मिकों के लिए कारोबार आचरण एवं नीति संहिता विकसित की तथा वित्तीय वर्ष 2010–2011 के लिए निदेशक रिपोर्ट में कॉरपोरेट शासन एवं प्रबंधन विचार–विमर्श और विश्लेशण रिपोर्ट भी शामिल की है।

iv. आईआरसीटीसी के बही खातों में नामे डाली गई खर्च की सभी मदें आईआरसीटीसी को सौंपे गए कारोबार के प्रयोजन के लिए है और कारोबार से सबंधित है।

v. निदेशक बोर्ड के लिए कोई व्यक्तिगत खर्च नहीं है, सिवाए जो संविदागत बाध्यताओं के रूप में नियुक्ति की शर्तों के अनुसार हैं।

7. संचार व्यवस्था के साधन

लेखा परीक्षित वार्षिक वित्तीय परिणाम और वार्शिक रिपोर्ट कॉरपोरेट गवर्नेन्स मेनुअल और बोर्ड चार्टर, कोड ऑफ बिजनेस कंडक्ट एंड ईथीक्स आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctc.com पर प्रदर्शित किए जाते हैं। विभिन्न विभागों की निविदाएं, अन्य सरकारी प्रेस रिलीज के साथ आईआरसीटीसी की वित्तीय योजना और वास्तविक रूप से दी गई निविदाओं/संविदाओं का ब्यौरा भी आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर अपलोड किया जाता है। खानपान सेवाएं, रेल टिकटिंग सेवाएं आदि जैसी अग्रणी सेवाप्रदाता के रूप में भूमिका निभाने के अनुसार, आईआरसीटीसी ने कॉरपोरेट संचार व्यवस्था को सुधारने के लिए कदम उठाए।

8. बोर्ड सदस्यों का प्रशिक्षण

आईआरसीटीसी, कॉरपोरेट शासन के सिद्धातों के अनुसार आईआरसीटीसी के कारोबार मॉडल, जोखिम प्रोफाइल तथा अत्यधिक उचित उपायों, जिनमें वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकते हैं, के बारे में बोर्ड सदस्यों को प्रशिक्षित करने के लिए पहल करती है। व्यवहार के तौर पर बोर्ड में नए निदेशक का कार्यभार संभालने पर कंपनी से संबंधित दस्तावेज उन्हें प्रदान किए जाते हैं, जिनमें वार्शिक रिपोर्ट, ज्ञापन एवं अंतर्नियम, आईआरसीटीसी और रेल मंत्रालय के बीच हुए सझौता ज्ञापन शामिल हैं। कंपनी ने अपने बोर्ड सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन के लिए उनके कतव्यों को प्रतिबिंबित करते हुए कारोबार आचारण एवं नीति–संहिता भी बनाई है।

9. विसिल ब्लोअर पॉलिसी

इस समय, केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुसार अपने सभी कर्मचारियों और ग्राहकों के लिए कंपनी में एक तंत्र की स्थापना की गई है ताकि मुख्य सतर्कता अधिकारी अथवा प्रबंध निदेशक को सीधे किसी अनैतिक कार्य के बारे में वास्तव में अथवा संदेहास्पद छलकपट के बारे में रिपोर्ट कर सकें।

10. कारोबार आचरण एवं नीति–संहिता

आईआरसीटीसी के बोर्ड निदेशक के अनुमोदन के बाद, लोक उद्यम विभाग के दिशा–निर्देशों के अनुसार, कंपनी ने बोर्ड सदस्यों और वरिश्ठ प्रबंधन कार्मिकों के लिए आईआरसीटीसी की मूल उपयोगिता के साथ अपनी कारोबार आचरण एवं नीति–संहिता निर्धारित की है।

वित्तीय वर्ष 2010–2011 के लिए आचरण संहिता के अनुपालन की पुष्टि बोर्ड सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों से प्राप्त पुष्टि के आधार पर की गई है।

अनुबंध–IV निदेशक रिपोर्ट

बालिका शर्मा एण्ड एसोसिएट्स
(कंपनी सचिव)

पताः फ्लैट न0 211, पॉकेट ए/3,
सेक्टर–7, रोहिणी, नई दिल्ली–110085
फोनः011–27931217
मो0 9811387946
ई मेलः balikasharma@gmail.com

कॉरपोरेट अभिशासन के अनुपालन का प्रमाणपत्र

सेवा में,

सदस्यगण,
इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड

हमने, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए निगम अभिशासन 2010 के मार्गदर्शी सिद्धांतों में जैसा उल्लिखित है, 31 मार्च, 2011 को समाप्त वर्ष के लिए, इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा निगम अभिशासन की शर्तों के अनुपालन की जांच की है।

निगम अभिशासन की शर्तों का अनुपालन करना प्रबंधन का दायित्व है। कंपनी द्वारा निगम अभिशासन की शर्तों का पालन सुनिश्चित करने हेतु अपनाई गई प्रक्रियाओं और उन्हें लागू करने तक का ही हमारी जांच का दायरा रहा है। यह न तो लेखा परीक्षा है और न ही कंपनी के वित्तीय विवरण पर अपनी राय व्यक्त करना है।

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम सूचना के अनुसार और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार हम प्रमाणित करते हैं कि उपर्युक्त मार्गदर्शी सिद्धातों के अनुरूप कंपनी ने निगम अभिशासन की शर्तों का अनुपालन किया है।

हम आगे यह भी उल्लेख करते हैं कि ऐसे अनुपालन कंपनी की व्यवहार्यता के लिए न तो किसी प्रकार का आश्वासन है और न ही प्रबंधन द्वारा निपटाए गए कंपनी के मामलों के संबंध में उनकी दक्षता या सक्रियता का प्रमाण है।

कृते बालिका शर्मा एण्ड एसोसिएट्स

हस्ता/–
बालिका शर्मा
प्रोपराइटर
कंपनी सचिव
सी.पी.नं. 3222
एम. नं. 4816

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 24 अगस्त, 2011

भूषण बंसल जैन एसोसिएट्स
चार्टर्ड अकाउन्टेट्स

4648/21, दरियागंज
नई दिल्ली–110002
फोन : 23261054
फैक्स : 23252876
ई–मेल **bbjassociates rb@yahoo.co.in**

लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

सेवा में,

शेयरधारकगण,
इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड.

1. हमने इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड, नई दिल्ली के 31 मार्च, 2011 के संलग्न तुलन–पत्र और उसके साथ संलग्न उसी तारीख को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ एवं हानि–लेखा और उसी तारीख को समाप्त हुए वर्ष के लिए कैश फ्लो विवरण की लेखापरीक्षा की है, इन वित्तीय विवरणों का उत्तरदायित्व कंपनी के प्रबंधतंत्र का है। हमारा उत्तरदायित्व हमारी लेखा–परीक्षा के आधार पर इन वित्तीय विवरणों के बारे में राय अभिव्यक्त करना है।

